आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के घंघरी और मेरमग्गा में बरकट्ठा पुलिस ने थाना प्रभारी बिक्रम कुमार ने नेतृत्व में अवैध महुआ शराब और अंग्रेजी शराब के विरुद्ध छापेमारी किया इस दौरान मेरमग्गा से 30 लीटर महुआ शराब और 350 किलो फुला हुआ महुआ का जावा को विनिष्ट किया गया। वहीं ग्राम घंघरी स्थित राजेश जेनरल स्टोर से 350 मिली का 5 पीस, 180 मिली का 16 पीस, इंपीरियल ब्लू 180 मिली का 13 पीस और गॉडफादर केन बियर 15 पीस जब्त किया गया।सभी जब्त शराब को थाना लाया गया। जिसमें अग्रतर कार्रवाई को लेकर उत्पाद विभाग हजारीबाग को सूचना दी गयी।

## शहीद जगदेव विचार मंच के मासिक बैठक का आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में शहीद जगदेव विचार मंच के सदस्यों व पदाधिकारियों की मानसिक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर कुमार एवं संचालन सचिव जय नारायण प्रसाद ने किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपना अपना विचार देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में जाकर बैठक कर बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधियों से मिलकर सदस्यता अभियान चलाया जाए। एवं 7 फरवरी को जयंती मनाने पर विचार विमर्श किया गया इसके अलावा शहीद जगदेव प्रसाद के प्रतिमा के स्थान पर सुंदरीकरण करने का निर्णय लिया गया एवं दूसरी बैठक दिनांक 8 जनवरी दिन रविवार को पुनः शहीद जगदेव विचार मंच के विस्तार के लिए बैठक पश्चिमी पंचायत भवन में समय 1 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें तमाम पंचायत के बुद्धिजीवी एवं जनप्रतिनिधियों से उपस्थित होने की अपील किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि यहां से पैसा जा रहा है बाहर, हम लोगों को कहते हैं जागो,यहाँ पर बाहर के लोगों बहाली हो रहा है,यहाँ के लोग जब तक जागेंगे नहीं तब तक पाओगें नहीं जागो-जागो हौसला बढ़ाओ।बैठक का धन्य ज्ञापन जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. बालेश्वर कुमार ने किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. बालेश्वर कुमार, सचिव जय नारायण प्रसाद,कोषाध्यक्ष प्रो.कृतिनाथ महतो,मुखिया बिमला देवी, अख्तर हुसैन,पूर्व उपमुखिया नरसिंग प्रसाद, सुरेश, शिक्षक लखन महतो, इंद्रभुषण कुमार,राज कुमार साव,राम लखन महतो, हिरालाल कुमार, गणेश प्रसाद, धनु प्रसाद निराला, कृष्ण कुमार साव, माहीयान चौरसिया, पूर्व सदस्य आनंद राज के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## रीता मेहता बनी निर्विरोध सहिया साथी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** कुरहा गांव निवासी रीता मेहता को अपने कलस्टर में निर्विरोध सहिया साथी चुना गया है। रीता मेहता कई वर्षों से समाज सेवा एवं सहिया साथी का कार्य कर रही थी लेकिन कुछ विभागीय टेक्निकल कारण पद मुक्त की गई थी। वही रीता मेहता ने कहा की हमारी मेहनत और ईमानदारी को देखते हुए हम पर विश्वास सहिया दीदी ने जो जताया इसके लिए मैं सभी सहिया एवम अस्पताल परिवार, एसटीटी गन को धन्यवाद देती हूं। मुझ पर जो विश्वास जताया गया है उसे बरकरार रखूंगी।

## चुंगी हटाओ संघर्ष समिति ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चुंगी हटाओ संघर्ष समिति हजारीबाग के द्वारा प्रकाश यादव की अध्यक्षता में नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में नगर आयुक्त से अपील किया गया की जनहित को देखते हुए चुंगी वसूल करने के निर्णय को वापस लिया जाये। ज्ञापन का प्रतिलिपि मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, उप विकास आयुक्त,20 सूत्री उपाध्यक्ष हजारीबाग, नगर निगम को सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने में समाजसेवी छात्र युवा संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में हजारीबाग नगर निगम प्रशासन द्वारा व्यवसायिक वाहनों के हजारीबाग क्षेत्र में प्रवेश पर अनैतिक चुंगी लगाये जाने की निंदा की व इसे अविलंब वापस लेने की मांग की। प्रतिदिन हजारों की संख्या में ऐसे व्यवसायिक एवं गैर व्यवसायिक वाहनों का आवागमन होता है। यदि इनसे चुंगी के रूप में पैसे वसूले जाएंगे तो प्रत्यक्ष रूप से इसका भार हजारीबाग के आम जनता महिलाओं ,छात्रों ,युवाओं पर पड़ेगा,मजबूरन हर चीजों के दामों में वृद्धि होगी। मेयर और वार्ड पार्षद की सहमति से चुंगी वसूली का निर्णय हुआ है तो जनता उन्हें मुंह तोड़ जवाब आने वाले दिनों में देगी। क्योंकि इसका बोझ जनता पर ही पड़ेगा। एक ही वाहन एक दिन में पांच बार शहर प्रवेश करती है तो उसे पांच बार चुंदी देना पड़ रहा हैं। सभी समस्या से अवगत कराया गया। ज्ञापन देने के दौरान संरक्षक संगीता बारला, उदय साव, अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष उदय मेहता , बिरजू कुमार, कमाल कुरेशी, मो सरफराज, संतोष मेहता, सचिव कृष्णा कुमार, सुहानी एक्का, रितेश तिवारी, सोनू इशाकी, सह सचिव रवि शंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष जीवन कुमार, मुखिया पप्पू यादव, कुणाल मेहता, महासचिव अभिषेक कुमार तथा सक्रिय सदस्य में धीरज कुमार, मनीष, धनंजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा में रोजगार मेला का आयोजन, 352 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र



**कोडरमा।** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा द्वारा बुधवार को समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2022 का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि एक समय था, जब रोजगार मेला की व्यवस्था नहीं थी। परंतु तब भी हम लोग रोजगार पाने हेतु प्रयास करते थे। आज के समय में रोजगार मेला हर जिला में लगाया जा रहा है, जिसका भरपूर फायदा आप सब उठा सकते हैं। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी सोच एवं जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार की संभावना बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हमेशा प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अपना संघर्ष कायम रखते हुए जहां मौका मिले कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2023 को फिर से रोजगार मेला का आयोजन कोडरमा जिला में किया जायेगा। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में जिले के कुल 352 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया तथा 543 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिनका इंटरव्यू कराने के पश्चात नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेला कुल 30 कंपनियों ने भाग लिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद इमरान फारुकी एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों का रहा दबदबा

# प्रथम तीन टॉपर्स को चाणक्य आइएएस एकेडमी में दी गयी 100 फीसदी छात्रवृत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। प्रथम तीन टॉपर्स में दो ग्रामीण क्षेत्र से जबकि एक शहरी क्षेत्र के विद्यार्थी ने सफलता अर्जित कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया। प्रथम स्थान पर रहे जागेश्वर यादव के पुत्र नितिश कुमार मयूरहंड, चतरा से हैं, जबकि दूसरे स्थान पर हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड के नटराज नगर के महेंद्र कुशवाहा के पुत्र विवेक कुमार ने बाजी मारी। वहीं सदर हजारीबाग के सन्नी कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त कर हजारीबाग जिला टॉपर बन परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। तीनों टॉपर्स ने चाणक्य आइएएस एकेडमी में बुधवार को नामांकन कराकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए 100 फीसदी छात्रवृत्ति भी प्राप्त की और कहा कि जो उम्मीदें हमारे परिवार और संस्थान को हमसे है, उन उम्मीदों पर खरा उतरना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।




प्रथम 1500 टॉपर्स में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर योग्यता का प्रमाण दिया, तो शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भी अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई और सफलता हासिल कर नया कीर्तिमान गढ़ने को आतुर दिखे। बता दें कि बीते 18 दिसंबर को आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में जिलेभर से पांच हजार से भी अधिक परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा में रैंक 1 से 3 को 100 प्रतिशत, 4 से 15 को 75 प्रतिशत, रैंक 16 से 25 को 50 प्रतिशत, रैंक 26 से 40 को 40 प्रतिशत, रैंक 41 से 50 को 30 प्रतिशत, रैंक 51 से 100 को 20 प्रतिशत एवं रैंक 101 से 1500 को 15 प्रतिशत की स्कॉलरशिप सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु प्रदान की जा रही है। चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि हर छात्र आइएएस बनने की क्षमता रखता है। समय का सदुपयोग, बेहतर सलाह, उचित मार्गदर्शन और सही दिशा में नियमित परिश्रम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति में अद्भुत शक्ति है, बस जरूरत है अपनी शक्ति पहचान कर सही मेहनत किया जाये। उन्होंने कहा कि एक वक्त झारखंड में ऐसा भी था जब सिविल सेवा के क्षेत्र में ग्रामीण अभिभावक अपने होनहारों को भेजने के बारे में नहीं सोंच पाते थे, उन्हें लगता था कि अमीर घरानों के बड़े शहरों में ही निवास करने वाले सिविल सेवा के क्षेत्र में जा सकते हैं, लेकिन चाणक्य आइएएस एकेडमी ग्रामीणों के इस मिथक को तोड़ने में कामयाब रहा।

### क्षेत्र ही नहीं बल्कि राज्य और देश को भी गौरवांवित करें

चाणक्य आइएएस एकेडमी से बीते 30 वर्षों 5 हजार से भी अधिक आइएएस, 200 से अधिक आइएफएस और 20 हजार से भी अधिक स्टेट पीसीएस में अभ्यर्थी सफलता हासिल कर वर्तमान समय में देश सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि हर अभ्यर्थी की यह तमन्ना होती है कि सफलता की बुलंदियों तक कदम बढ़ाकर अपनी काबिलियत से केवल अपने क्षेत्र ही नहीं बल्कि राज्य और देश को भी गौरवांवित करें। सबसे अधिक अभ्यर्थियों का चयन सिविल सेवा के क्षेत्र में हजारीबाग से होने के सपने को पंख दिया जा सके।

## यूपीएससी इंजीनियरिंग की परीक्षा में छठा रैंक लाने वाले अंकित को किया सम्मानित




**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लर्न इंडिया स्कूल दारू के द्वारा विद्यालय के फाउंडर सह सीइओ मुकेश प्रसाद ने यूपीएससी इंजीनियरिंग सेवा में पूरे भारत में छठा रैंक लाने वाले अंकित कुमार पांडेय पिता प्रदीप पांडेय को बुके देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंकित ने दारू प्रखंड के साथ साथ पूरा हजारीबाग जिला को देश भर में नाम रोशन किया। लर्न इंडिया स्कूल के अकैडमिक हेड सरस्वती कुमारी ने कहा अंकित कुमार दारू प्रखंड में प्रत्येक विद्यार्थी का आदर्श बन गए है सभी विद्यार्थी अंकित जैसा बनना चाहते है।अंकित ने लर्न इंडिया स्कूल के बच्चों से बात की और उन्हें अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और जिंदगी मे अनुशाशन बनाये रखने की सिख दी।स्कूली बच्चे उन्हें अपने बीच पाकर काफी उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल की शिक्षिका सुमन कुमारी, पम्मी कुमारी, सरस्वती कुमारी, शगुफ्ता प्रवीण, अधिवक्ता किशोरी मोहन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## सहोदया स्कूल्स कांप्लेक्स ने किया फैमिली पिकनिक का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में कोडरमा सहोदया स्कूल्स काम्प्लेक्स द्वारा फैमिली फन डे का आयोजन किया गया। जिसमें कोडरमा सहोदया स्कूल्स काम्प्लेक्स के विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्रचार्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहोदया स्कूल्स कांप्लेक्स के अध्यक्ष पुनीत यादव ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल विभिन्न विद्यालयों के निदेशक एवं प्राचार्यों के अलावा उनके परिजनों ने एक से बढ़कर एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कोडरमा सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के उपाध्यक्ष सह मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, ग्रिजली विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसीमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, सेक्रेड हार्ट के निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, अकैडमिक निदेशक प्रमोद शर्मा, जी एस पब्लिक स्कूल के निदेशक नितेश कुमार सिंह, बी आर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ओम प्रकाश राय, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ मनीष कुमार सिंह, मॉडर्न पब्लिक स्कूल की निदेशिका संगीता शर्मा, स्वामी विवेकानंद स्कूल के प्राचार्य के अलावा उनके परिजनों ने भाग लिया। मंच संचालन विद्यालय के सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह एवं थर्ड अफसर अभिजीत आनंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के सचिव सह कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य एस के साहू ने किया।

# अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर डीएमएफटी केरेडारी की कई सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति, निविदा हुई जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** क्षेत्र की विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर डीएमएफटी योजना से बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के कुल 4 सड़कों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति हासिल हुई है। उक्त चार सड़क निर्माण मे लगभग 7 करोड़ की लागत आएगी, इस बाबत उक्त सड़कों के निर्माण के लिए निविदा प्रकाशित कर दी गई है विधायक अंबा प्रसाद ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बादम पंचायत का मुख्य पथ का निर्माण लगभग 1 करोड़ 70 लाख, चेपाकला के ग्राम जुगरा से



पदनवांटांड़ तक पथ निर्माण लगभग 2 करोड़ 85 लाख व केरेडारी प्रखंड के बारियातू पंचायत अंतर्गत ग्राम राजाबागी से गरीखुर्द तक पथ निर्माण कार्य लगभग डेढ़ करोड़ एवं हेवई पंचायत में सतघरवा पुल से राजेंद्र पासी के घर होते हुए हेवई मुख्य पथ तक सड़क निर्माण 1 करोड़ 78 लाख की लागत से होगी। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि उक्त पथों का निर्माण प्राथमिकता पर कराने हेतु उपायुक्त से मुलाकात की जिसके पश्चात सड़कों के निर्माण के लिए जिला परिषद कार्यालय हजारीबाग के द्वारा संबंधित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है एवं जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सभी सड़कों के निर्माण कार्य को धरातल पर उतारा जायेगा। विधायक ने कहा कि पूरे राज्य में राज्य में बड़कागांव विधानसभा विकास की नयी आयाम को छू रहा है।

## झामुमो की पंचायत कमिटी का हुआ गठन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बुधवार को झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश राय की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। संचालन प्रखंड सचिव धर्मेंद्र यादव के द्वारा किया गया जिसमें पंचायत अध्यक्ष सुबोध पांडेय, उपाध्यक्ष संतोष पासवान, सचिव जवाहर तिवारी, कोषाध्यक्ष इंतियाज शेख एवं सदस्य बालेश्वर सिंह, अनिता देवी, मुनिया देवी, शीला देवी, बलदेव हाड़ी, संजय राजवंशी, दीपक राजवंशी, अशोक राजवंशी को बनाया गया। मौके पर झाझा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अजीत कु.यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष गणेश राय, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम शेख, प्रखंड सचिव धर्मेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष सुबोध कु. यादव मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**हजारीबाग।** दारू प्रखंड के हरली स्थित बीडी जायसवाल झुमरा इंटर महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्राथमिक शिक्षा वर्ग के तहत कुल 145 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 7 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण का बुधवार को पांचवा दिन था। भारत को विश्व पटल पर पुनः स्थापित एवं भारत को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाने के लिए राष्ट्र वादियों की टोली इस प्रशिक्षण में तैयार की जाती है एवं इस निमित्त स्वयं सेवकों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुवे इन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। इसी के तहत परम पवित्र भगवा ध्वज पर बौद्धिक देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हजारीबाग विभाग के सह विभाग कार्यवाह प्रदीप प्रसाद ने कहा की भगवा शब्द भग धातु से बना है, जिसका अर्थ यस, कृति ज्ञान ऐश्वर्य एवं त्याग होता है। यह भगवा ध्वज हमारी संस्कृति का हिस्सा है और साथ ही साथ यह पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का भी काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किसी व्यक्ति को नहीं अपितु तत्व को गुरु मानता है और इसलिए परम पवित्र भगवा ध्वज हम सभी का गुरु है। अतः हम सभी स्वयंसेवकों को भगवा ध्वज का सम्मान करना चाहिए। हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी ने भी हिंदू साम्राज्य के पुनर्स्थापना के समय ही इस ध्वज को लहराया था। इस ध्वज का इतिहास पुरातन काल से ही है हमारे भगवान, राजा महाराजा भी इस ध्वज का प्रयोग करते रहे हैं। संघ ने इस ध्वज को बहुत सोच समझकर संघ का प्रतीक चिन्ह बनाया है जो सराहनीय है। इस 7 सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग, वर्ग कार्यवाह नवीन चंद्र के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी वर्ग के बौद्धिक प्रमुख रंजीत शर्मा ने दिया।

## धूम-धाम से मना कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया। झंडोतोलन जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के द्वारा किया गया। झंडोतोलन कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा दल के मनोज कुमार, विश्वास पासवान, राकेश गुप्ता का सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कार्यक्रम में आए कांग्रेसी भाई बहनों को संबोधित किया। उन्होंनें कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को बंबई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। इसके संस्थापक महासचिव एओ ह्युम थे, जिन्होंने कलकत्ते के व्योमेश चन्द्र बनर्जी को अध्यक्ष नियुक्त किया था। स्थापना दिवस में पूर्व जिला अध्यक्षों में आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, जवाहरलाल सिन्हा, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अशोक देव, शशि मोहन सिंह, संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी निसार खान, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, लाल बिहारी सिंह, सैयद अशरफ अली, संजय कुमार तिवारी, सुनिल अग्रवाल, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, बिनोद सिंह, दरगाही खान, रघु जायसवाल, कजरू साव, दिलीप कुमार रवि, शिव नंदन साहू, विजय कुमार सिंह, सदरूल होदा, मनीषा टोप्पो, वेबी देवी, कोमल कुमारी, सुमित्रा देवी, कृष्ण बल्लभ, अनिल कुमार, नरेश गुप्ता, अजय गुप्ता, अनवर हुसैन, रीतलाल मंडल, सुरजीत नागवाला, मिथिलेश दुबे, उपेन्द्र कुशवाहा, राम कुमार पटेल, सुधीर कुमार पाण्डेय, सुनिल कुमार ओझा, मो बदरूल अरफीन, मो मेराज, अनिल कुमार उपाध्याय, अब्बास अंसारी, मो जबीर, असगरी अंजूम, शशिभूषण कुशवाहा, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, राकेश गुप्ता, रवि सिंह, कैलाश पति देव, उपेन्द्र कुमार राय, परवेज अहमद, सुल्तान मिर्जा, मिथिलेश कुमार शर्मा, गणपति प्रसाद स्वर्णकार, सुरेंद्र शर्मा, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, अनिल कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार यादव, रितेश तिवारी, धनंजय कुमार सिंह, पवन कुमार यादव, रजनीश कुमार, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, उदय कुमार साव, इन्द्र जीत दुबे, कृष्ण बल्लभ सोनी, राजेश कुमार गुप्ता, तसलीम अंसारी, बब्लू कुशवाहा, राजीव कुमार मेहता, कमल राम, दिगम्बर मेहता, रामसेवक सेवक सोनी, कुमार सोनू समेत कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय जन योजना अभियान 2023- 24 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार, समंवयक सचिन कुमार की उपास्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सहजकर्ता दल के सदस्य में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, महिला मेट, जल सहिया, स्वास्थ सहीया एवं चयनित वार्ड सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण में जीपीडीपी के सभी 29 विषयों पर चर्चा कीं जानी है एवं अगले वर्ष 2023- 24 में चयन की जाने वाली योजनावों की विशेष जानकारी एवं उनके उद्देश्यों को भी बताया जायेगा।

## कोंग्रेसियों ने स्थापना दिवस मनाया

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कांग्रेस ने पार्टी का झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया।समारोह में बरकट्ठा प्रखंड के 20 सूत्री सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने झंडोतोलन किया एवं लोगों को संबोधित करते हुए बधाई दिए और कांग्रेस की 138 वा साल की याद दिलाई।खुशी में मिठाई बांटी गई। समारोह मे प्रखंड के सभी पदाधिकारी सम्मानित नेता गण साथ ही पंचायत के सभी पदाधिकारी एवं कांग्रेस के सिपाहियों मौजूद रहे। इस मौके पर मणिलाल चौधरी,नारायण प्रसाद,वीरेंद्र पांडे,गुरुदेव सिंह, मो. मंसूर साह,नसीम खान,संतोष कुमार,शंकर पांडेय,रोनित कुमार शर्मा,मोहम्मद सकुर खान ,श्यामलाल नायक, बबून अंसारी, भुवनेश्वर रविदास, सफीक अंसारी,प्रकाश मोदी,शंकर साव समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## ढिबरा लदे दो टेम्पो जब्त, चालक फरार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रभार वनपाल सुजीत कुमार सोनी के नेतृत्व में ढिबरा लदे दो टेम्पो वाहन को जब्त किया गया। बताया जाता है कि विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लोहासिकार के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हांलाकि इस मामले में किसी को गिरफ्तारी नहीं किया। रेंजर रामबाबू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी, जंगल से ढिबरा लोड करके दो टेम्पो वाहन तिलैया की ओर जा रहा है। सूचना पर उक्त वाहन को जाते देख वाहन को रुकवाने को कहा गया। पर गश्ती दल देखकर तेज गति से भागने लगा जिसको पीछा कर लोहासिकार के पास ढिबरा लदे दो टेम्पो जप्त कर लिया गया। दोनों चालक भागने में सफल रहा है, दो गाड़ी में 2 टन ढिबरा लोड था। जिसकी कीमत कीमत एक लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। इस अभियान में वनरक्षी पंकज कुमार, हिरामन उरांव एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल परिसर में विकास के क्रम में निर्माण प्रक्रिया में अनियमितता हो रही है। यहां पिलर ढलाई में लगाया जा रहा पत्थर मरा हुआ और कमजोर है, ऐसी स्थिति में पिलर कितना मजबूत होगा और छत का भार कितना सह पायेगा। इसके निर्माण में भी लूट और कमीशन खोरी हावी है। बसंत ने इस निर्माण के निरीक्षण में लगे पदाधिकारी को भी कटघरे में खड़ा किया है। भवन बन जाने पर इसका भी वही हाल होगा जो सदर अस्पताल का है जिसका छत कई जगहों पर चूता है और प्लास्टर जगह-जगह उखड़ रहा है। यही हाल सिविल सर्जन कार्यालय का भी है। घटिया निर्माण के संबंध में जनता दरबार में आशंका जताई गई थी जिसपर आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्रांक 1447 द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग कोडरमा को भेजा गया था, परंतु आज यह सही साबित हो रहा है। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने स्थल निरीक्षण में उपयोग किए जा रहे कमजोर पत्थर को देख सवाल खड़ा किया है, यही आशंका इस परिसर में बन रहे सभी भवन का है। निर्माण में हो रही अनियमितता से उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराते हुए ऐसे संवेदक को ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही निरीक्षण में लगे पदाधिकारी पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## बड़कागांव में टी 10 पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

# उद्घाटन मैच में बादम ने बलिया को 30 रनों से रौंदा

पिंटु कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में टी10 पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बड़कागांव मध्य पंचायत के उप मुखिया अमर राणा व पत्रकार पिंटू कुशवाहा के सौजन्य से किया गया। मैच का उद्घाटन बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता,मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्ला खान,आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी, जिला परिषद सदस्य



प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं बैटिंग और बॉलिंग कर मैच का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेले और ऐसे मैच के आयोजन होने से यहां के खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है। मुखिया तकरीमुल्ला खान ने कहा कि मैच होने से आपसी भाईचारे और प्रेम बढ़ता है। हमेशा ऐसे ही मैच होते रहना चाहिए। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल पर ध्यान देना चाहिए ताकि वह अपने खेल का प्रदर्शन कर अपना नाम प्रखंड स्तर से लेकर देश स्तर पर रोशन कर सकें। पूर्वी पंचायत के मुखिया देवी ने कहा कि आपस में प्रेम भाव के साथ मैच खेले।जीप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि बड़कागांव में खिलाड़ियों की कमी नहीं है बस उसे सही स्टेज मिलने का जरूरत है। इस टी 10 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बादम बनाम बलिया के बीच खेला गया। जिसमें बादम की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 87 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करते हुए बलिया की टीम में 57 रन पर ही ऑल आउट हो गये और बादम की टीम ने यह मुकाबला पूरे 30 रनों से जीत लिया। जिसमें शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी करने वाले नवीन गुप्ता को मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं दूसरा मुकाबला सिरमा पंचायत और सिकरी पंचायत के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सिरमा पंचायत ने निर्धारित 10 ओवर 4 विकेट खोकर 111 रन का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिसका पीछा करते हुए सिकरी टीम मात्र 39 रन पर ही सिमट गई और सिरमा की टीम ने 72 रनों से मैं जीत गया। मैच का मैन ऑफ द मैच मोहम्मद मुनिफ को दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से आयोजक अमर राणा, पत्रकार पिंटू कुशवाहा, मनीष पांडे, पवन राजक, राजा राम, मोहम्मद मुबारक अंसारी, सुमित कुमार,विकास उर्फ पाठा,बाबू खान, मुन्ना खान, राजू उर्फ लल्लू, राजेंद्र कुमार,मोहम्मद सद्दाम, अरुण राज सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति नायक समाज की बैठक, वार्ड 2 में कमेटी का गठन, अध्यक्ष कुणाल नायक और सचिव शिवा नायक बने

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति नायक समाज की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायक समाज के नगर अध्यक्ष दिलीप नायक व संचालन सचिव सागर नायक ने किया। इस दौरान बैठक में समाज की मजबूती और एकजुटता पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में समाज के उत्थान के लिए वार्ड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष कुणाल नायक, सचिव शिवा नायक, कोषाध्यक्ष विजय नायक, उपाध्यक्ष कैलाश नायक, प्रवक्ता सोनी नायक, सह सचिव चरका नायक, संगठन सचिव अज्जू नायक, संरक्षक सुभाष नायक को बनाया गया। इस अवसर पर सुनील नायक, प्रदीप नायक, शंकर नायक, अजय नायक, सुंदर नायक, आतिश नायक, सत्यम नायक, सनी नायक, राजू नायक, पवन नायक, रणवीर नायक, जय नायक, मिंटू नायक सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## खेल के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा दिखती: कुंटू बाबू

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे में बुधवार को फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन भाजपा के पुर्व प्रत्याशी सह रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि रनंजय कुमार उर्फ कुन्टु बाबु ने फुटबॉल को कीक मारकर किया ।इस दौरान कुंटु बाबु ने कहा की खेल एक ज़िन्दगी का हिस्सा है। इससे शरीर के साथ मानसिक का भी विकास होता है। ओर मनोरंजन का एक साधन भी है। कोई भी खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।उद्घाटन मैच भुरकुंडा बनाम नवागढा के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें बराबरी पर रहा। जिसके बाद पेनाल्टी सूट का सहारा लिया गया। जिसमें भुरकुंडा की टीम ने जीत दर्ज कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मौके पर मंडल महामंत्री सह उप मुखिया जितेंद्र साहु, पुर्व जिला भाजयुमो अध्यक्ष राजेश ठाकुर, डोमन नायक, विकास मणी पाठक, सुरज प्रसाद, विकास कुशवाहा, प्रदीप ठाकुर, ललन कुशवाहा, सचिन कुमार, एहसानूल हक, उज्जवल चक्रवर्ती, करमचंद करमाली, प्रेम कुमार, महेश महतो, अजय प्रसाद, संजीव प्रसाद, आयोजन कमेटी के उदय प्रसाद, विकास प्रसाद, प्रेम सागर प्रसाद ,मनु कुमार आदि मौजूद थे।

## भदानीनगर रेलवे साइडिंग में 200 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**भदानीनगर (आजाद सिपाही)।** जय नंदिनी कोमोडीटित प्राइवेटि लिमिटेड एवं इंदु मिश्रा मार्क डील प्राइवेटि लिमिटेड के तत्वावधान में बुधवार को भदानीनगर क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में 200 गरीबों-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। नेपाल यादव, धनंजय यादव एवं भगवान यादव उर्फ बबलू यादव के सौजन्य से 200 वृद्ध, गरीब-असहाय, महिला-पुरूषों को कंबल दिया गया। कहा गया कि बढ़ते ठंड को देखते हुए आगे भी अन्य जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। ताकि सबों को ठंड से राहत पहुंचाई जा सके। हम सभी अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए आगे भी गरीब-जरूरतमंदों की सेवा के लिए हर संभव मदद करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला यादव, हरिलाल बेदिया, रईस आलम, आजाद अंसारी, गोविंद राम, विजय राम, ए अंसारी, अकबर अली, चंदन बनर्जी, लाल मोहन यादव आदि का विशेष योगदान रहा। मौके पर दर्जनों गरीब एवं जरूरतमंद लाभार्थी मौजूद थें।

## सुंदरनगर पंचायत में जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोगों की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर पंचायत में बुधवार को जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया व्यास पांडेय व संचालन पंचायत समिति सदस्य रोहित सोनी ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने जन समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। साथ ही भुरकुंडा ओपी के समीप हो रहे लगातार हेलमेट जांच पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार वाहन जांच के दौरान हो रहे हेलमेट जांच के कारण भुरकुंडा का बाजार प्रभावित हो रहा है। जांच के डर से कई लोग बाजार नहीं पहुंचते। मौके पर मुखिया व्यास पांडेय ने हेलमेट जांच मामले पर कहा कि पुलिस-प्रशासन से मिलकर इस दिशा में बात की जायेगी। उन्होंने सकारात्मक पहल करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर कामेश्वर मेहता, कवि राय, प्रेम साहू, शिव कुमार सिंह, सुनील साव, नंदकिशोर ठाकुर, संतोष चैधरी, संतोष कुमार सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थीं।

## न्यू बिरसा में लोकल सेल से छेड़छाड़ करने वाले को बर्दाश्त नहीं करेंगे-विस्थापित

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में बुधवार को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा की बैठक समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता एवं समिति के सचिव जीतन मुंडा के संचालन में हुई। इस बैठक में पोटंगा के सभी बारह टोला के विस्थापित ग्रामीण महिला पुरुष एवम मजदूर हजारों की संख्या में उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष श्री सूरज बेसरा ने कहा कि न्यू बिरसा में रोड सेल शांति पूर्वक सुचारू रूप से चल रहा है। हमलोग सीसीएल प्रबंधन से मांग करते हैं कि रोड सेल में 100 गाड़ी प्रतिदिन न्यू बिरसा में लगाया जाय ताकि रोजगार सभी को सुचारू रूप से मिल सके। लेकिन कुछ बाहरी आसामाजिक तत्व के लोग न्यू बिरसा के रोड सेल व्यवस्था को बिगाड़ने में लगे हुए हैं।

## जिला कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 138वां स्थापना दिवस

# कांग्रेसी होने का है गर्व, देश आजादी में महापुरुषों की मुख्य भूमिका: सीपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पार्टी का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी ने किया। जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश के सचिव सीपी संतन एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बजरंग महतो उपस्थित हुए। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यकताओं ने राष्ट्रगान के साथ पार्टी के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा परिचर्चा किया।



### देश में आजादी में कांग्रेस का बड़ा योगदान

मौके पर प्रदेश सचिव सीपी संतन ने कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि देश को आजाद कराने के लिए कांग्रेस पार्टी में त्याग और बलिदान दिया है ,और आज जिन लोगों ने अंग्रेजों की दलाली की सत्ता में आसीन होकर देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। देश की आजादी के लिए शहीद हुए महान पुरुषों का आत्मा रो रहा है।

### महापुरुषों की उम्मीदें धराशायी

जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ हमारे महापुरुषों ने देश को आजाद कराया।आज बहुत सारी उम्मीदें धराशाई हो गई आज देश अंग्रेजों की दलाली करने वाले लोगों के हाथ में है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बजरंग महतो ने कहा कि हमें कांग्रेसी होने पर गर्व है, आज हम सरदार बल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी ,इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलकर देश में भाईचारा, एकजुटता एवं अमन कायम करने का प्रयास कर रहे हैं, वही भारतीय जनता पार्टी और उनके विचारधारा के समर्थक दल देश को लगातार तोड़ने की साजिश कर रहे हैं, देश के सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है, आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का संविधान खतरे में है और भाजपा के राज में दलित, आदिवासी और पिछड़ा अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### देश आजादी में कांग्रेसियों की अहम भूमिका

मंच का संचालन कर रहे कार्यकारी जिलाध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि आज हम कांग्रेस पार्टी की 138 वर्षगांठ मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं और इन 138 वर्षों में हमारे पार्टी ने देश को आजाद कराने सहित नए भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभायी है हमारे पार्टी का गौरवशाली इतिहास पर हमे गर्व है।

### कौन कौन थे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के वरिष्ठ नेता राजेंद्र नाथ चौधरी, संजय साव, बीएन सिंह जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव, 15 सूत्री कार्यक्रम के जिला प्रतिनिधि तारिक अनवर, कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष जेपी अग्रवाल, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मुंडा, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी सरिता देवी, हेमा देवी, कांग्रेस नेत्री जोया प्रवीण, सुमन महतो, संजू गुप्ता, आजाद सिंह, हीरालाल महतो, भरत कुमार महतो, सलीम खान, अब्बास, कमलेश कुमार महतो, मुन्ना मंसूरी, कृष्ण कुमार, धर्मवीर दास, मुकेश महतो, अजय कुमार, भागीरथ मुंडा, किशोर महतो, दौलत महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोरोना के मद्देनजर उपायुक्त ने सदर अस्पताल और ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण

# किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए 24 घंटे रहें तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित सदर अस्पताल रामगढ़ व पटेल चौक के समीप ट्रामा सेंटर का बुधवार को कोरोना को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान रामगढ़ सदर अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से कोरोना के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस संबंध में सिविल सर्जन ने बताया गया कि मंगलवार को सदर अस्पताल व ट्रामा सेंटर रामगढ़ में अवस्थित पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का ड्राई रन व किसी भी व्यक्ति के कोरोना से संक्रमित होने के उपरांत उनके उपचार के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के तहत मॉक ड्रिल किया गया है। मौके पर डीसी ने सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मियों को कोरोना संबंधित कार्यों को लेकर प्रशिक्षण व इस संबंध में पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया।




### बिना फेस कवर, मास्क लगायें आने वाले को परिसर में ना दे

निरीक्षण के दौरान डीसी ने बिना फेस कवर, मास्क लगाएं किसी भी व्यक्ति को अस्पताल परिसर में आने की अनुमति ना देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही, डीसी ने सदर अस्पताल रामगढ़ में पेडियाट्रिक आईसीयू, जिरियाट्रिक आईसीयू, आइसोलेशन वार्ड आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीसी ने सिविल सर्जन को बेडों तक ऑक्सीजन पाइपलाइन की व्यवस्था व आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

### स्टैंडबाई मोड पर रहने का निर्देश

ट्रामा सेंटर रामगढ़ के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने स्वास्थ्य उपकरणों, ऑक्सीजन बेड, सामान्य बेड आदि का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्टैंडबाई मोड पर रहने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने पीएसए प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट के संचालन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय कुमार श्रीवास्तव से ली।

### पर्यटन स्थलों पर लगायें कोरोना जांच शिविर

निरीक्षण के दौरान डीसी ने सिविल सर्जन को बड़ी संख्या में लोगों का कोरोना जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही नए साल के मद्देनजर डीसी ने बड़ी संख्या में पर्यटकों के पर्यटन स्थलों पर आने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कोरोना जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

## ममता की सदस्यता खत्म होते ही चुनावी रंग में रंगने लगा है रामगढ़

# हर तरफ हो रही है चुनावी चर्चा, आजसू ने बूथ स्तर पर तैयारी शुरू की

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र चुनावी रंग में रंगने लगा है। यहां साफ तौर ओर चुनावी माहौल देखने को मिल रहा है। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बूथ स्तर पर कमिटी भी बनाई जा रही है। सोमवार को ममता देवी की सदस्यता खत्म होते ही राजनीतिक पार्टी के लोग ओर सक्रिय हो गए। विधानसभा क्षेत्र के गोला, दुलमी,चितरपुर प्रखंड के मतदाताओं के मिजाज को कार्यकर्ता भांपने का प्रयास कर रहे है। इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। रामगढ़ की राजनीति में दशकों से सक्रिय रही आजसू पार्टी पुरानी गलती दुहराना नहीं चाहती है। इस उपचुनाव को हर हाल में पार्टी जितना चाहती है।यह विधानसभा क्षेत्र कुरमी बहुल क्षेत्र है। साथ ही कुरमी वोटरों पर आजसू पार्टी की मजबूत पकड़ रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी कुरमी मतदाताओ का झुकाव आजसू की ओर था। आजसू पार्टी इस बार भी सुनीता चौधरी को मैदान में उतारने की तैयारी में है। पूर्व विधायक ममता देवी अभी जेल में है। कांग्रेस पार्टी संभवतः उनके घर के ही किसी सदस्य को मैदान में उतार सकती है। ऐसे में रामगढ़ का उपचुनाव दिलचस्प हो जाएगा। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि कांग्रेस का अपना वोट बैंक है। भाजपा के बड़े नेताओं ने इस उपचुनाव में गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के संकेत दिए है। बताया गया कि यह सीट आजसू के लिए भाजपा छोड़ सकती है। राजनीतिक पंडितों के मानना है कि खतियान आधारित स्थानित नीति एवं ओबीसी आरक्षण का बिल पास करने के बाद हेमंत सरकार का पहला चुनाव है। ऐसे में सरकार के कार्यो पर भी वोटर अपना निर्णय देंगे। इसमें सरकार का भी साख दाव में होगा। कहा जाय तो 2024 विधानसभा चुनाव का ट्रेलर होगा।

**सोशल मीडिया में आजसू कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चल रहा है जुबानी जंग:** गोलीकांड में ममता देवी को सजा सुनाए जाने का बाद से ही सोशल मीडिया में आजसू एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जुबानी जंग चल रहा है। विभिन्न प्रकार के कार्टून इमेज बना कर सोशल मीडिया में डाला जा रहा है।सबसे ज्यादा 1932 का खतियान पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे है। इन सब के बीच पूर्व विधायक ममता देवी के तीन वर्षों के कार्यकाल को भी मुद्दा बनाया जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि तीन सालों में रामगढ़ तीस साल पीछे चला गया।

**तीसरी बार होने जा रहा रहा है रामगढ़ में उपचुनाव:** रामगढ़ विधानसभा में इस बार तीसरी बार उपचुनाव होगा। इससे पूर्व दो उपचुनाव यहां हो चुके है। जब यहां के विधायक मजरुल हसन खान को पटना में गोली मार दी गई थी। इसके बाद हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी ने चुनाव जीती थी। झारखण्ड बनने के बाद 2000 में सीपीआई विधायक सब्बीर अहमद कुरेशी उर्फ भेड़ा सिंह के आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद उपचुनाव हुए। जिसमें भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ रहे बाबूलाल मरांडी ने भेड़ा सिंह की पत्नी नादरा बेगम को हराया था।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-79-2022, दिनांक 26.12.2022;** दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीएम/जीएसयू/राँची के क्षेत्राधिकार के अधीन ईलू-सिल्ली बाईपास लाइन, मुरी जंक्शन का परिवर्जन करते हुए, (5.9 किमी) के लिए सभी सिविल, विद्युतीय एवं एसएंडटी कार्य के लिए अंतिम स्थान का सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण करना, परिपूर्ण डीपीआर जमा करना, छोटे पुलों, बड़े पुलों, आरओबी/आरयूबी, एफओबी के लिए संरेखण योजना, यार्ड योजना, ड्राइंग के साथ विस्तृत आंकलन तैयार करना, लेवल क्रॉसिंग ड्राइंगों, हाइड्रोलॉजिकल एवं जियो-टेक्निकल निरीक्षण तथा अन्य सभी आनुषंगिक कार्य; रु. 8,75,823.13; रु. 17,500; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-80-2022, दिनांक 27.12.2022;** हटिया में नव निर्मित एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में स्पोर्ट हॉस्टल के प्रावधान के शेष बचे हुए कार्य; रु. 68,26,478.51; रु. 1,36,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** क्रमांक 2 के लिए रु. 0.00; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 07.01.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 18.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, राँची-834003 कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-955)



भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753 006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK - 753 006, (ODISHA), INDIA
Ph.:0671-2367768-783, Fax:0671-2367663

**Advertisement No. 40/GA/2022-23**

Walk-in-Interview is to be held on **06.01.2023** for selection of **one (01) Graduate Assistant (GA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack-6 in the scheme **"Studying the Effect of Adopting Regenerative Agriculture Practices on Smallholder Farmer Livelihoods" (EAP-384).** The details regarding essential/desirable qualifications, age, amount of emoluments and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**


## एसपी को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नये साल के जश्न की तैयारियों में नकली शराब की आपूर्ति कर खलल डालने के फिराक में जुटे शराब माफियाओं के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई। सप्लाई के लिये ड्राइ स्टेट बिहार भेजा जा रहा लाखों रुपये का अवैध अंग्रेजी शराब का खेप जप्त। दो तस्कर, तस्करी में प्रयुक्त टाटा इंडिका कार, विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल एवं तस्करी के लिये भेजा जा रहा रॉयल स्टैग कंपनी का 16 कार्टून में बंद 375 एमएल का 384 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्टनगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर व सशस्त्र बल की टीम ने की कार्रवाई। सदर थाना क्षेत्र के धमनियां ईलाके से अवैध अंग्रेजी शराब का खेप लेकर बिहार जा रहे थे दोनों तस्कर। वशिष्टनगर जोरी थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चढ़े पुलिस के हत्थे। सदर थाना क्षेत्र के गंगाजीत व अव्वल मोहल्ला फारेस्ट कॉलोनी के रहने वाले है दोनों गिरफ्तार तस्कर छोटू कुमार सिंह एवं उमेश कुमार। पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय ने पुष्टि की।

## वर्चस्व की लड़ाई में झामुमो नेता विनोद किस्कू ने मारी बाजी, पुन: ठेका हासिल कर प्रारंभ किया ट्रांसपोर्टिंग कार्य



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू रेलवे साइडिंग में गत रविवार की रात से वर्चस्व की लड़ाई में झामुमो नेता विनोद किस्कू ने अपनी पहुंच और पैरवी के बल पर नरसिम्हा कंपनी का कार्य पुन: लेने में सफलता पायी है। जिसके बाद कुजू रेलवे साइडिंग पर अनलोड हुए कोयले को 15 माइल स्थित फैक्ट्री पहुंचाने का ट्रांसपोर्टिंग कार्य बुधवार की शाम से प्रारंभ हो गया। मालूम हो कि रविवार की देर रात कुजू निवासी विनोद पहाड़ी को फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अनलोडिंग कार्य करने का जिम्मा दिया गया था। जिसके बाद पूर्व से कार्य कर रहे झामुमो नेता विनोद किस्कू के नेतृत्व में लोग पहुंचकर अनलोडिंग कार्य को ठप्प कर बबाल मचाया। जिसमे हुई लाठी डंडे से मारपीट में कई लोग घायल हो गए थे। साथ ही, दो बोलेरो को पत्थरबाजी में क्षतिग्रस्त किया गया था। उक्त मामले में कुजू पुलिस ने दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए आवेदन के बाद विनोद पहाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**कुजू रेलवे साइडिंग में वर्चस्व को लेकर हुई घटना शर्मनाक: कुजू।** जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू ने कुजू रेलवे साइडिंग मे रैक अनलोडिंग को लेकर हुए वर्चस्व और जमकर मारपीट मामले को निंदनीय बताया है। इस मामले में उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि साइडिंग के समीप आसपास के रहने वाले लोगों के बीच उक्त मामले को लेकर भय व्याप्त है। उन्होंने कहा कि वर्चस्व को लेकर कुजू रेलवे साइडिंग में कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है और क्षेत्र अशांत हो सकता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से कठोर कदम उठाने की मांग की है। ताकि क्षेत्र में शांति कायम हो सके।

## दुलमी प्रखंड में कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं ने मनाया स्थापना दिवस

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** 28 दिसंबर 2022 को दुलमी प्रखंड पुराने कांग्रेस कार्यालय स्थित कांग्रेस दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली ने अध्यक्षता किया व संचालन प्रखंड महासचिव अल्ताफ अंसारी के द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास का 138 वॉ स्थापना दिवस दुलमी प्रखंड कांग्रेसीयों ने कांग्रेस पार्टी का झंडा फहरा कर स्थापना दिवस मनाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी जिला पार्षद सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य स्थानीय पार्षद प्रीति दीवान एवं विशेष तौर पर उपस्थित हुए इस मौके पर कांग्रेसियों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी और सोनिया गांधी के बताए हुए मार्ग पर हम सबों को स्थापना दिवस के अवसर पर चलने की आवश्यकता है इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व मुखिया ईचातु प्रदीप सिंह जी एवं अरुण दीवान इनाम अंसारी अलीम अंसारी युसूफ अंसारी बीरबल करमाली प्रभाष चंद्र पाटिल ताहिर अंसारी कपूर करमाली मनोज करमाली नागेंद्र महली मोहम्मद गालिब पप्पू कुमार महतो सिकंदर कुमार महतो पंकज कुमार सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16224551B | डब्ल्यूडब्ल्यू गवर्नर मेंटेनेंस किट | 87 सेट | 18.01.2023 |
| 2 | 01221079 | रबर स्प्रिंग प्लेट | 2260 नग | 19.01.2023 |
| 3 | 02222507 | 40 ए एच/110 वी एलएमएलए बैटरी सेट | 71 सेट | 19.01.2023 |
| 4 | 18225300 | यूनिवर्सल फोरेंसिक एक्सट्रैक्शन डिवाइस | 01 सेट | 20.01.2023 |
| 5 | 06225131 | रेक्टेंगुलर होलो सेक्शन 96 एमएम x 48 एमएम x 4एमएम | 72 एमटी | 23.01.2023 |
| 6 | 06225089A | आई एस एच बी 254 एमएम x 254 एमएम x 73.1 के जी/एम | 500000 किलोग्राम | 23.01.2023 |
| 7 | 02221797 | सेट ऑफ रीटर्न एंड फ्रेश एयर फिल्टर फॉर एलएचबी | 807 सेट | 23.01.2023 |
| 8 | 09232117 | योक डॉविंग नं. एस के-62724 | 5415 नग | 23.01.2023 |
| 9 | 02221120 | वी-डीप ग्रोव अल्टरनेटर पुल्ली | 603 नग | 23.01.2023 |
| 10 | 02222503 | बैटरी फॉर इएमयू/मेमू 90 एएच | 26 सेट | 24.01.2023 |
| 11 | 01221388 | मैटेलिक कैप्सूल्स | 1200 नग | 25.01.2023 |
| 12 | 02222518 | निकेल कैडमियम बैटरी | 04 सेट | 25.01.2023 |
| 13 | 09232091 | फुट स्टेप ड्राविंग नं. एसके-749-67526 | 19097 नग | 26.01.2023 |
| 14 | 19223517 | रोलर बेयरिंग आर बी 5020 | 480 नग | 27.01.2023 |
| 15 | 07225002A | सप्लाई एंड अप्लाई ऑफ बायो-डिग्रेडेबल ओलोफोबिक & हाइड्रोफोबिक कोटिंग फॉर एल एच बी कोचेस | 2500 नग | 09.02.2023 |
| 16 | 07221220 | प्रोटेक्टिव ट्यूब (पोलिसीटर) फार एक्सल बॉक्स | 19593 नग | 20.02.2023 |

**निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।**

**टेंडर नोटिस सं. 73/2022-2023 दिनांक 28.12.2022**

G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

3463/22

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बिछियादामर गांव में बुधवार को डंडई मुख्य मार्ग पर ऑटो की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वह बाइक से घर लौट रहा था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे देवगाना अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय के 9वीं का छात्र संदीप कुमार 14 वर्ष पिता शिवचंद चौधरी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के चितकार से पूरा गांव गमगीन हो गया और आक्रोशित लोगों ने मेराल डंडई मुख्य पथ को करीब एक घंटा तक जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। लोगों का कहना था कि ऑटो चालक बिछिया दामर का ही जो मोटरसाइकिल में धक्का मारने के बाद डंडई की तरफ तेज रफ्तार से भाग निकला।

### आदमखोर तेंदुए ने फिर ली एक बच्चे की जान

**रमकंडा (आजाद सिपाही)।** रमकंडा थाना क्षेत्र के कुशवार गांव में तेंदुए ने एक किशोर की जान ले ली। बच्चे की पहचान कुशवार गांव निवासी बली घासी का 12 वर्षीय पुत्र हरेंद्र घासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह घर के बाहर कुछ कर रहा था उसी दौरान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### गढ़वा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का विशाल मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 30 को

**रंका (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के आगमन तथा पुराने वर्ष के प्रस्थान के पूर्व 30 दिसंबर को रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत गाय घाट पर गढ़वा जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का विशाल मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला के 20 प्रखंडों से अनुसूचित जनजाति के भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम में हजारों आदिवासी वनवासी लोगों को शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता प्रदेश के पूर्व मंत्री रामविचार नेताम, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह तथा भाजपा के जिला स्तरीय पार्टी के नेता कार्यकर्ता शामिल होने की संभावना है।

### युवा जागृति केंद्र ने बनखेता डैम के समीप किया वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय बनखेता डैम के समीप युवा जागृति केंद्र के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भंडरिया व बरगढ़ प्रखंड के दर्जनों गांव के महिला-पुरुष शामिल हुए तथा वनभोज कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन कुमार सिन्हा, सब इंस्पेक्टर राजेश मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर की गयी। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। मौके पर रितेश सिंह, छोटू तिवारी, अर्जुन राम, विजय सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, सोनू सिंह, अमित रंजन, गौतम सिंह, सरवन सिंह, मंगल सिंह, प्रिंस सिन्हा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कर्नाटक से मजदूर का शव पहुंचते ही गांव में मातम

**सगमा (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक में मृत मजदूर की शव पैतृक गांव पहुचते ही गांव में कोहराम मचा गया। विदित हो कि बीते 20 दिसम्बर को सगमा प्रखंड अन्तर्गत सोनडीहा गांव निवासी अखिलेश राम नामक मजदूर की मृत्यु कर्नाटक राज्य के अंकोला में हुई थी। इसे लेकर मृत मजदूर के पिता प्रेमा राम ने उपायुक्त से अखबार के माध्यम से एंव आवेदन सौप कर शव को मांगने की गुहार लगायी थी। इसे देखते हुए गढ़वा के उपायुक्त रमेश घोलप ने उप विकास आयुक्त राजेश रॉय को नोडल नियुक्त करते हुए सव मांगने की जिम्मेवारी दी थी। इसके बाद जिला प्रशासन के प्रयास से मृत्यु के 9 दिन बाद मृतक सोनडीहा पहुंच सका। शव आने की खबर सुनते ही सगमा बीडीओ सत्यम कुमार अपने दल बल के साथ मृतक के घर पहुंचकर मृतक परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए अपनी तरफ से तत्काल पांच हजार रुपए नगद, 50 किलो चावल, 50 किलो गेंहू, कम्बल मच्छरदानी प्रदान करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाला हर सम्भव सहायता मृतक के आश्रित को दी जाएगी। जबकि मृतक के घर सांत्वना देने पहुंचे विधायक प्रतिनिधि बबलू ठाकुर, राजेश बैठा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव, महामंत्री सखिचन्द प्रजापति ने विधायक भानु प्रताप शाही की ओर से सहायता देने का अस्वासन दिया। मौके पर प्रमुख अजय साव, पंचायत सचिव सूर्यदेव सिंह, सोनडीहा मुखिया पति हनुमंत यादव, दशरथ बैठा, कमलेश चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, संतोष यादव, पंकज चंद्रवंशी, कैलाश राम, अवध किशोर यादव, सोनू अंसारी, रामाकांत यादव, ओमप्रकाश कुमार, अजय राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : जिला कांग्रेस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

# वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी को किया सम्मानित

**कांग्रेस पार्टी नहीं, एक विचारधारा है : ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ज़िला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। कार्यक्रम का संचालन गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष युगेंद्र चौबे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं एक विचारधारा है। आजादी की लड़ाई में लाखों कांग्रेसियों ने अपना बलिदान दिया। फलस्वरूप अंग्रेजों के चंगुल से भारत मुक्त हुआ। आजादी के बाद भारत का नव निर्माण का काम भी कांग्रेस के नेतृत्व में तत्कालीन सरकारों ने किया।

प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्वर्णिम इतिहास रहा है। जाति धर्म से ऊपर उठकर कांग्रेस पार्टी ने सराहनीय कार्य किये हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी का अमूल्य योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी विचारधारा से कभी भी समझौता नहीं किया।

इस कार्यक्रम में इंटक नेता राम करेश चौबे, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, कार्यालय प्रभारी राजेश चौबे, युवा कांग्रेस महासचिव ओम प्रकाश चौबे, दिवाकर चौबे, खुर्शीद अंसारी, मंसूर अंसारी, राम प्रताप यादव, राजन कुमार, राहुल कुमार सिंह, सद्दाम खान, आसिफ खान, अनिकेत कुमार तूफानी, रंजित राम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे





### बंशीधरनगर में कांग्रेसियों ने किया कंबल वितरण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बंशीधर नगर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह जिला के कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे के द्वारा गरीबों के बीच 50 कंबलों का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सदस्य होना गर्व की बात है। आजादी के पहले भी आजादी के बाद भी कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के बारे में सोचती है। मौके पर रामजी कांस्यकार, तस्लीम खां, नगर प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रोहित पाण्डेय और अन्य लोग उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर तुलसी दामर डोलोमाइट माइंस के मजदूरों ने किया धरना प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर नगर प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के बैनर तले तुलसी दामर डोलोमाइट माइंस के मजदूरों ने धरना प्रदर्शन किया। सेल के भवनाथपुर व तुलसीदामर खदान के श्रमिकों/कर्मियों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने, त्रुटिपूर्ण किए गए मजदूरी भुगतान में सुधार और श्रमिकों को मिलने वाले विभिन्न लाभ के मदों में किए गए घोटाले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि आधे से अधिक मजदूरों की मजदूरी का भुगतान ही नहीं किया गया है। उन्होंने यथाशीघ्र मजदूरों का भुगतान कराने की मांग की।

धरना को राष्ट्रीय सचिव कन्हैया चौबे, इंटक जिला अध्यक्ष सुशील चौबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला हक अंसारी, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी, खरौंधी बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, बबन पासवान, ओमप्रकाश चौबे सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन के बाद कन्हैया चौबे के नेतृत्व में नेताओं ने एसडीओ को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

## साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**वार्षिक खेलकूद में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के सहीजना स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक आरएन सिंह ने देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता शनिवार से लेकर मंगलवार तक सुचारू रूप से चली। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिताओं में सभी वर्गों के जूनियर एवं सीनियर छात्र छात्राओं के द्वारा लगभग 45 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। निदेशक श्री सिंह ने सभी बच्चों को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। वही विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कई खेलों में हिस्सा लिया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि खेल-कुद में रिले रेस, 200 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, सुई-धागा रेस, फ्राग रेस, गोली-चम्मच रेस, बैलेंस रेस, मैथ्स रेस, कंगारू रेस, थ्रीलेग रेस, बोरा रेस, आलु रेस के अलावा छोटे बच्चों के लिए गुब्बारा फोड प्रतियोगिता, बिस्किट रेस, टॉफी रेस, 50 मीटर रेस इत्यादि का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य की छटा बिखेरते हुए विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। स्पोर्ट्स में प्रथम वर्ग से अनमोल राज, समीर राजा, खालिद राजा विजेता बने। दूसरा वर्ग से सोनू प्रजापति, उदित कुमार, अभिषेक कुमार, विजेता बने, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम रही शिवानी गुप्ता, अदिति चौधरी और दिव्या कुमारी, सुहानी सिंह विजेता बनी। फैशन शो में परी कश्यप, सत्यम पाठक, आरुषि तिवारी, तान्या सोनी, वैष्णवी कश्यप, काजल कुमारी, रौशनी मेहता, निधि तिवारी, अनामिका कुमारी, आराधना तिवारी, ईशा कश्यप आदि विजेता बनी। कार्यक्रम स्पोर्ट्स शिक्षक चंद्र बहादुर सिंह के देख रेख में हुआ।

मौके पर शिक्षक धनंजय उपाध्याय, रंजीत उपाध्याय, शेखर वर्मा, राकेश तिवारी, उमाशंकर, श्रीकांत ओझा, रवि कुमार, योगेंद्र कुमार, चांदनी कुमारी, संतोष कुशवाहा, चंदा कुमारी, निलेश ठाकुर, अनिल प्रकाश, सारिक हसन, प्रदीप यादव, बिंदु देवी, वीपेंद्र यादव, चंद्र बहादुर सिंह, अनूप ठाकुर, आशीष सिंह, अनीश सिंह, विकास आनंद, मनोहर आनंद, मिथिलेश सिन्हा, नीतीश सिंह, एके पांडे, विकास कुमार, आशीष कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस को सौंपा

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र में अवैध बालू का उठाव व परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रात में घाटों से बालू का उठाव कर ऊंचे दामों में बेचा जा रहा है। रक्सी में ग्रामीणों ने बालू लदे एक ट्रैक्टर पकड़ कर पुलिस को सौंपा। वहीं दूसरी तरफ पहले से ही आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को अहले सुबह रक्सी मार्केट स्थित चौराहे के समीप बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी। रात भर घाटों से बालू का उठाव कर उसे उत्तर प्रदेश एवं जिले से बाहर भेजा जा रहा है। खनन विभाग और पुलिस महकमा अवैध बालू के कारोबार पर नकेल कसने में नाकाम है। धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि रक्सी गांव से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को धुरकी पुलिस ने पकड़ा है

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

–: रद्द संबंधी सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–09/2022-23/RE-2 ( अतिअल्पकालिक निविदा) अंतर्गत Group No.- 08 में वर्णित कार्य प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण (3 अदद) जिसका PR 285873 (Rural Development) 22-23(D) को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.286123 Rural Development(22-23):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/23/2022-23 पी0आर0 संख्या 285137 (Rural Development)22-23*D में प्रकाशित तिथियों में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.12.2022 से 09.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 10.01.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 11.01.2023 अपराह्न 02.00 बजे ।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 286138 Rural Development(22-23).D

### दिसंबर तक डीलर राशन वितरण शत प्रतिशत करें : एमओ

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के अंचल कार्यालय में सीओ सह बीएसओ निधि रजवार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुये बताया कि बीते अक्टूबर माह का राशन का आवंटन ससमय जिले से नहीं मिलने के कारण राशन उठाव में देर हो गई थी। जिसमें राशन देर उठाव होने के कारण ग्राहकों को अक्टूबर के लास्ट समय में डीलर द्वारा पर्ची काटी गई थी, जिसमें अक्टूबर का डेट खत्म होने तक लगभग 30 प्रतिशत ही ऑनलाइन पर्ची कट पाई थी जिन्हे पर्ची कटने के बाद कल दिनांक 29 दिसंबर 2022 दिन गुरुवार तक पीएमजीकेएवाई राशन का वितरण करना सुनिश्चित किया है। वहीं बचे लगभग 65 प्रतिशत ग्राहक जो पर्ची नहीं कटने के कारण राशन नहीं ले पाए हैं उनके लिए एक बार पुनः आदेश आयेगा और उनको अक्टूबर माह का बाकी राशन दिया जायेगा। वहीं उन्होंने सूचित करते हुए यह कहा की सभी डीलर नवंबर तथा दिसंबर महीने का राशन 31 दिसंबर 2022 दिन शनिवार तक ससमय देना सुनिश्चित करेंगे।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 42/2022–23
दिनांक 26/12/2022

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरवाहा के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 12880600.00 | 10000.00 | 258000.00 | एक वर्ष |
| 2 | बड़कागांव | कन्या मध्य विद्यालय, बड़कागांव के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 8303300.00 | 10000.00 | 167000.00 | नौ माह |
| 3 | बड़कागांव | बादम पंचायत का मुख्य पथ का निर्माण। | 16927600.00 | 10000.00 | 339000.00 | एक वर्ष |
| 4 | बड़कागांव | पंचायत चेपाकला के ग्राम जुगरा से पंदनवाटांड तक पथ का निर्माण। | 28499500.00 | 10000.00 | 570000.00 | एक वर्ष |
| 5 | केरेडारी | पंचायत हेवई में सतघरवा पुल से राजेन्द्र पासी के घर होते हुए हेवई मुख्य पथ तक पथ निर्माण। | 11785800.00 | 10000.00 | 236000.00 | एक वर्ष |
| 6 | केरेडारी | पंचायत बरियातू के ग्राम राजाबागी से गरीखुर्द तक पथ निर्माण। | 11490700.00 | 10000.00 | 230000.00 | एक वर्ष |
| 7 | कटकमदाग | ग्राम पुंदरी में देवी मंडप से लावालौन्ग तक पथ निर्माण। | 21265000.00 | 10000.00 | 426000.00 | एक वर्ष |
| 8 | डाडी | ग्राम रबोध में दीपक सिंह के घर से जोधी गंझू के घर तक पथ का निर्माण। | 9989800.00 | 10000.00 | 200000.00 | नौ माह |
| 9 | चौपारण | पंचायत रामपुर के ग्राम वृन्दा से वृन्दा हरिजन टोला तक पथ निर्माण। | 8470600.00 | 10000.00 | 170000.00 | नौ माह |
| 10 | चौपारण | ग्राम बेलाटांड से नयाखाप सिरमा तक पथ निर्माण। | 8040200.00 | 10000.00 | 161000.00 | नौ माह |
| 11 | बरही | पंचायत केदारूत के ग्राम खैरोन से ग्राम कटियौन तक पथ निर्माण। | 19443310.00 | 10000.00 | 389000.00 | एक वर्ष |
| 12 | बरही | पंचायत गौरियाकरमा के धोबियाटांड के मुख्य पथ का निर्माण। | 10968000.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष |
| 13 | सदर | के0 बी0 महिला महाविद्यालय परिसर में अवस्थित अनु0 जन जाति बालिका छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 8405700.00 | 10000.00 | 421000.00 | नौ माह |
| 14 | सदर | तकिया मजार के पीछे नवाबगंज में अवस्थित अनु0 जन जाति बालक छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 5421200.00 | 10000.00 | 109000.00 | नौ माह |
| 15 | सदर | तकिया मजार के पीछे नवाबगंज में अवस्थित अनु0 जाति बालक छात्रावास के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 5983800.00 | 10000.00 | 120000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 03.01.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 04.01.23 से 11.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 12.01.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16.01.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 286151 (District)22-23*D

## कार्यक्रम : आरके पब्लिक स्कूल के एनुअल डे समारोह में निदेशक ने कहा

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है

**आरके पब्लिक स्कूल में अनुशासन के साथ शिक्षा दी जाती है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। उक्त बातें आरके पब्लिक स्कूल के एनुअल डे फंक्शन के अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडे ने विद्यालय में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि युवावस्था में शरीर चुस्त एवं दूरस्थ रहे इसके लिए हर बच्चों को खेल से जुड़े रहना चाहिए। ऐसा प्रायः देखा जाता है कि जो बच्चा खेलों में फुर्तीला और तेज होता है वह पढ़ने में भी बहुत ही तेज होता है। विद्यालय का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि प्रत्येक बच्चों में सर्वांगीण विकास किया जाए इसी के साथ विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी व्यापक पैमाने पर व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि आरके पब्लिक स्कूल में अनुशासन के साथ शिक्षा दी जाती है और सीबीएसई पैटर्न पर दसवीं तक की पढ़ाई यहां पर जारी है। उन्होंने कहा कि उनकी हमेशा से यह कोशिश है कि नगर उंटारी जैसे जगह में भी राज्य स्तर की शिक्षा मुहैया करायी जाए जिसमें उन्हें सफलता मिल रही है। जिसके लिए यहां के अभिभावकों का सहयोग बड़ा सराहनीय रहा है

उन्होंने कहा कि विद्यालय निरंतर विकास कर रहा है यहां के छात्र-छात्राएं विभिन्न जगहों पर जाकर खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले दिनों चेस में बड़ा ही सराहनीय प्रदर्शन विद्यालय के बच्चों का रहा है। यहां इंग्लिश मीडियम से उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा दी जा रही है, जिसमें विद्यार्थियो का चरित्र निर्माण के साथ साथ पारिवारिक संस्कार एवं भारतीयता की झलक नजर आती है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को खेलने कूदने का अवसर अवश्य दें। खेलने कूदने से शरीर स्वस्थ और मन चंचल बना रहता है एवं बच्चे कई बीमारियों से दूर रहते हैं। श्री पांडे ने कहा कि विश्वास के साथ उपस्थित अभिवावकों को कहना चाहते हैं आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर में राज्य स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों के शिक्षा एवं सम्पूर्ण विकास की जवाबदेही विद्यालय परिवार की है। अभिवावक अपना सहयोग बनाये रखें तो यहां से बच्चे को पढ़ा-लिखा कर उनका विकास कर भारत के उच्च पदों पर विराजमान करने में विद्यालय सक्षम है। मौके पर शारदा महेश प्रताप देव, विद्यालय के प्रिंसिपल एल के ओझा, धीरेंद्र चौबे, शैलेश चौबे, रघुराज पांडे, कमलेशवर पांडेय, लक्ष्मण राम, प्रो. बीड़ी सिंह, उच्च विद्यालय हलिवंता के प्रिंसिपल संजय कुमार मेहता, विजय पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मौके पर विद्यालय में एनुअल डे फंक्शन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया।

# गुमला परिसदन में कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया



### कांग्रेस के बदौलत ही हम ले पा रहे हैं आजादी की सांस : चैतू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस पार्टी की 138वां स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में गुमला परिसदन में मनाया गया। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि आज ही के दिन 28 दिसम्बर 1885 ई. को कांग्रेस की स्थापना हुई थी। जिसके संस्थापक ए. ओ. हियुम थे। उस वक्त देश अंग्रेजों के हाथ गुलाम था। देश को आजादी दिलाने के लिये स्वतंत्रता आंदोलन कांग्रेस पार्टी की देन थी। कांग्रेस पार्टी की बदौलत ही आज हम स्वतन्त्र भारत में स्वतंत्रता स्वांस ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के द्वारा पुराने कांग्रेसियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से मो. समसू जोहा, बाबर मिंया, प्रो. भूषण महतो, मो. सलाउद्दीन अंसारी, हिलारिउस तिर्की, फुलझड़ी भगत, भुनेश्वर साहू, पतितपावन साही को फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

उपस्थित नवनियुक्त प्रदेश प्रधिनिधि अकील रहमान, मानिक चंद साहू, संगीता जायसवाल ,मो आशिक अंसारी चुमनु उराँव मुरली मनोहार प्रसाद को भी फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मुख्य रूप से गुमला से हंदू भगत, चैनपुर से विनोद केरकेट्टा, सुधीर कुजूर, शिवकुमार राम शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्बर्ट तिग्गा, फिरोज आलम, खिरिस्तिना तिर्की, सन्तोष गुप्ता गुड्डु, गुलाम सरवर, सगीर आलम, निशांत दुबे, मो खालिद शाह, रामनिवास प्रशाद, राजीव कुमार महतो, आशीष नाथ सहदेव, सन्यारो उरांव, दीपक कुमार, साहिद वारसी, सुनीता तोप्पनो, मो मोख्तार आलम, देवा साहू, अरुण गुप्ता, सद्दाब आलम, पतरस होरो, सफीक अंसारी, भैयाराम उरांव, साबिर फरास, मो बबलू, जाफर इकबाल, चंद्रशेखर उरांव, जहांगीर आलम,मो लक्की, बिष्णु राम, शिवकुमार राम, रफी अली, रामलाल, तरुण गोप, अर्जुन केशरी के साथ अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## प्रदान संस्था ने 'समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' के लिए किया कार्यशाला का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था के द्वारा जीटीपी (ग्रीन ट्रांसफोर्मेटिव पाथवेज) परियोजना के अंतर्गत 'समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' के लिए विकास भवन सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कार्यशाला रखी गयी। ज्ञात हो की आईकेइए फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से ग्राम सभा के द्वारा प्रदान संस्था के तकनिकी सहयोग से गुमला एवं रायडीह प्रखंड के 8 गांव पाकरटोली, तेलिया, बोक्टा, महुआटोली, चिरोडीह, कोनाटोली, कोटेंगसेरा एवं पबिया में 'समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' योजना तैयार की जा रही है जिसमें से इन गांव के 684 परिवार के 3194 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा एवं 5000 एकड़ भूमि का चोटी से घाटी तक उपचार हो पायेगा एवं इस परियोजना में मनरेगा, 15वें वित्त आयोग एवं लघु सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग से अभिसरण किया जा सकेगा। इस कार्यशाला में प्रदान संस्था के मेराज एवं अर्पण के द्वारा प्रोजेक्टर के मध्यम से जानकारी साझा की गयी। जिसमें विस्तार से परियोजना के बारे में बताया गया। मौके पर रायडीह एवं गुमला प्रखंड से प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सिकोई, परसा आंजन, तेलगांव, मुरकुंडा एवं कुलबीर पंचायत के मुखिया एवं रोजगारसेवक पंचयत सेवक एवं प्रदान संस्था से अर्पण, मेराज, स्वरुप, रूचि, सुरभि, अजय, अम्मू उपस्थित थ।

## व्यवसायी प्रेमलाल साहू के निधन पर शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई के प्रतिष्ठित व्यवसायी प्रेमलाल साहू के निधन से शहर में शोक व्याप्त है। उनके निधन पर गुमला के समाजसेवी रमेश कुमार चीनी और कांग्रेस नेत्री संगीता जायसवाल उनके आवास पहुंचे। दुःख प्रकट किया और रमेश मुक्तिधाम तक शवयात्रा के साथ गए। उन्होंने इस निधन पर शोक जताते हुए बताया कि साहू करीब डेढ़ वर्ष से बीमार थे। उनका निधन अपूरणीय क्षति है। कुशल व्यवसायी के साथ वे मृदभाषी स्वभाव के धनी थे। हर वर्ग के बीच उनकी खास पहचान थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ जाने वाले साहू की कमी शहर के लोगों को काफी खलेगी।

**बैठक : उपायुक्त ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधक प्राधिकार समिति की बैठक में दिये निर्देश**

# कोरोना के खतरे को देखते हुए जिला के अस्पतालों में तैयारी को रखें दुरुस्त

### कोविड बेड, आइसीयू बेड, आक्सीजन आदि की व्यवस्था करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लगातार चीन में कोरोना वायरस की गंभीरता को देखते हुए गुमला जिले में भी कोरोना संक्रमण को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसके आलोक में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक की।

बैठक में जिले के अस्पतालों में कोविड बेड, आइसीयू बेड, आक्सीजन की तैयारी, जांच के लिए विभिन्न इकाइयों की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

अब तक जिले में सभी सीएचसी सेंटर में 10 बेड की उपलब्ध करवा दी गई है, इसके अलावा सुदूरवर्ती इलाके में एंबुलेंस गाड़ी की सुविधा भी उपलब्ध करवा दी गई है। इसके अलावा जिले के डॉक्टर की टीम को भी तैयार कर दिया गया है। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में ऑक्सीमीटर कार्यरत है। इसके अलावा अन्य तैयारी भी अपने अंतिम चरण में है।

उपायुक्त ने सभी एएनएम एवं सभी फ्रंट लाइन वारियर को कोविड से संबंधित प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दिलाने का निर्देश दिया। 30 दिसंबर को सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, डीएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, एसीएमओ गुमला, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।




### प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करें : उपायुक्त

उपायुक्त ने कोरोना से पीड़ित मरीजों की पहचान, दूसरे प्रभावित देशों से गुमला आने वाले लोगों की निगरानी करने, भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क का प्रयोग करने संबंधी अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करने की बात कही। उपायुक्त ने अधिक टीकाकरण करने का निर्देश दिया। लोगों को बूस्टर डोज देने की अपील की गई है। सरकारी अस्पतालों में आने वाले लोगों को कोरोना वायरस की जांच करने को कहा गया है। उपयुक्त ने कहा कि जिले में आवश्यक दवाइयों की कमी न पड़े उसका स्टॉक अभी से रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला में कोविड इमरजेंसी को देखते हुए 2 फोन नंबर जारी करने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को त्वरित गति से उपचार मिल सके।

## हमारी कोशिश समाज को एकजुट करना है : अंबा प्रसाद

### राष्ट्रीय तेली महासभा के अधिवेशन में पहुंची राज्य की कई महत्वपूर्ण हस्तियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/डुमरी।** एक-एक नागरिकों के अधिकारों की रक्षा जरूरी है, देश की एक इकाई परिवार भी है, तेली समाज मेरा परिवार है और मैं उस परिवार की एक सदस्य हूं। उक्त बातें ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने राष्ट्रीय तेली महासभा में कहीं। वे समाज के एक अधिवेशन में भाग लेने गुमला जिले के डूमरी प्रखंड अंर्तगत टांगीनाथ पहुंची थीं। उनके साथ पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र प्रसाद भी मौजूद थे। अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि युवा अपनी असीम ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाकर समाज को नयी दिशा दे सकते हैं। हमारी कोशिश समाज को एक जुट करना है। अंबा प्रसाद ने फिर कहा कि वेश कीमती समय राज्यों व यहां के नागरिकों के उत्थान में लगाया जा रहा है। यहां आने का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों को जोड़ना है और समाज को आगे बढ़ाना है। वहीं पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू ने कहा कि मैं हमेशा समाज के साथ खड़ा हूं। समाज के हर सुख दुख में मेरी उपस्थिति रहेगी। समाज कैसे आगे बढ़े, समाज संगठित कैसे हो इसके लिए मैं निरंतर प्रयास करता रहूंगा।

वहीं तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि समाज का उत्थान, समाज की एकता, समाज की कुशलता और शिक्षित समाज निर्माण कैसे हो इस पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह समाज के लोग योगदान दे रहे हैं, अगर इसी तरह का साथ मिलता रहे तो वो दिन दूर नहीं जब देश की दशा और दिशा हमारे समाज के लोग तय करेंगे। चैनपुर पहुंचने पर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर समाज के लोगों ने दुर्गा मंदिर परिसर में प्रखंड अध्यक्ष रामदेव साहू, गणेश साहू एवं युवा अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व विधायक को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं समाज की महिलाओं ने भी चैनपुर में विधायक अंबा प्रसाद का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू, जिला महामंत्री विनोद कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश लाल, संरक्षक चंदेश्वर प्रसाद, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष रामदेव साहू, गणेश साहू युवा अध्यक्ष मनोज कुमार सचिव रन्थु साहू, पोखन साहू, श्याम साहू, ज्योति देवी, सुषमा देवी, अशोक साहू, मुन्नी देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, प्रियांशु कुमार, चंदन कुमार, अजय साहू, विनोद साहू, अरुण साहू, राहुल कुमार, विजय साहू के साथ समाज के सैकड़ों की संख्या में साहू के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।




## सिसई प्रखंड में अवैध पत्थर उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने की छापामारी

### टीम ने एक ट्रैक्टर जब्त कर चालक को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड के सोगड़ा गांव में चल रहे अवैध पत्थर उत्खनन कारोबार पर जिला प्रशासन के द्वारा बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पंडरिया पंचायत के सोगड़ा गांव के लाम टोंगरी में छापामारी की गई। छापेमारी टीम को देखते ही काम कर रहे दर्जनों मजदूर फरार हो गये। वहीं एक ट्रैक्टर चालक दुर्गा उरांव (18) को ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में एसडीओ रवि जैन, डीएमओ रामनाथ राय, एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल व थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी शामिल थे।



मामले को लेकर डीएमओ रामनाथ राय ने अवैध खनन करने वाले राजेश साहू, छोटू उर्फ चड्डी, प्रभु खड़िया, किशोर साहू, विन्दे साहू, दीपक साहू व छोटू महतो सभी सोगड़ा गांव निवासी व पत्थर ढुलाई करने वाले ट्रैक्टर मालिक दीपक साहू, राजेन्द्र साहू, शिशिर साहू, प्रभु खड़िया, लेले साहू, सुरेन्द्र साहू, विन्देश साहू सभी सोगडा निवासी, कुल 11 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

अधिकारियों द्वारा सोगड़ा गांव के लाम टोंगरी में जगह जगह पड़े हजारों की संख्या में साईज पत्थर, बोल्डर, दर्जनों की संख्या में पत्थर तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले छोटे-बड़े लोहे के छेनी, सब्बल, हथोड़ा, 8 मीटर ब्लास्टिंग वायर, एक साईकिल, एक ट्रैक्टर सहित अन्य सामग्रियां जब्त की गयीं। जब्त अवैध पत्थरों को खनन विभाग द्वारा स्थानीय मुखिया को जिम्मानामा पर सौंपा गया है।

**स्क्रूटनी : नगर परिषद की 30 दुकानों के लिये आये 385 आवेदन**

# पालकोट रोड की तीन दुकानों के लिए सर्वाधिक 191 आवेदन पड़े

### जनवरी के दूसरे सप्ताह में लॉटरी की है योजना : ईओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पिछले माह नगर परिषद द्वारा 30 विभिन्न दुकानों के आवंटन के लिए प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी की गई है। प्रथम दृष्टया 385 आवेदनों के प्राप्त होने की पुष्टि हुई है। यद्यपि इनमें से कुछ आवेदनों में हल्की-फुल्की त्रुटि भी है, जिसके सुधार हेतु आवेदकों को समय दिया जा सकता है। किंतु जिन आवेदकों का डीडी नहीं लगा है या फिर जिनका डिमांड ड्राफ्ट बैंक से क्लियर नहीं हुआ है उनके आवेदन को निरस्त कर दिया गया है।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि 1 जनवरी तक सही आवेदनों तथा त्रुटिपूर्ण आवेदनों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। उसके उपरांत मामूली त्रुटि वाले आवेदनों को पूर्ण करने के लिए 2 से 3 दिन का समय दिया जा सकता है। तदुपरांत जनवरी प्रथम सप्ताह के अंत में या दूसरे सप्ताह की शुरूआत में लॉटरी की योजना है।



**सबसे ज्यादा पालकोट रोड की दुकानों के लिए आवेदन पड़े**

संजय कुमार ने बताया कि पालकोट रोड की तीन दुकानों के लिए सर्वाधिक 191 आवेदन पड़े जोकि आनुपातिक रूप से देखा जाए तो बाकी अन्य दुकानों के लिए पड़े आवेदनों की तुलना में यह संख्या बहुत अधिक है।

आवेदन पत्रों की जांच हेतु कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, हेलाल अहमद, अरशद अली, रविंद्र गोप, रौनक कृष्ण पांडे आदि को लेकर एक समिति गठित की थी। स्क्रूटनी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि बुधवार को आहूत बोर्ड बैठक में भी दुकानों की लॉटरी विधि शर्तों आदि को लेकर विमर्श किया जा रहा है।

## गंदगी पर फाइन करने के लिए स्वच्छता जमादार होंगे अधिकृत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद की आम बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत बीते वर्ष में नगर परिषद द्वारा किए गए कार्यों पर विमर्श करने के साथ की गयी। साथ ही शहर के सर्वांगीण विकास, साफ-सफाई, पार्किंग आदि को लेकर विभिन्न प्रस्ताव लाए गए।

बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने की। संचालन कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष कलीम अख्तर ने किया।

अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए पूरे साल के अनुभवों को साझा करते हुए नगर परिषद की कार्यशैली में आए सकारात्मक बदलावों पर संतुष्टि व्यक्त की, साथ ही शहर को व्यवस्थित सुंदर व स्वच्छ बनाए रखने में नगर परिषद के कर्मियों के साथ साथ शहर के आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्थापना मामले, राजस्व मामले, स्वच्छता शुल्क संग्रह संबंधी मामले आदि पर कई अहम निर्णय लिए गए।

निकाय के कर्मियों के बकाया मानदेय, बकाया पीएफ अंशदान तथा बकाया पेंशन की देयताओं का उच्च प्राथमिकता से भुगतान करने तथा वार्ड पार्षदों के पुराने बकाया मानदेय को भुगतान करने हेतु भी आम सहमति बनी। निकाय के स्वच्छता जमादारों को गंदगी पर फाइन करने के लिए अधिकृत करने, उन्हें यूनिफार्म तथा परिचय पत्र देने पर सहमति बनी। शहर की पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने, नगर परिषद के यत्र तत्र पड़े कबाड़ हो चुके सामानों को नीलाम करने, अनावश्यक वित्तीय बोझ को घटाने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रचलन को कम करने के लिए नगर परिषद स्तर पर बर्तन बैंक स्थापित करने, सील की गई दुकानों में से जिनकी राशि जमा हो चुकी है उन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने, वित्तीय दायित्व कम करने हेतु दो कनीय अभियंताओं की सेवा विभाग को वापस करने पर भी निर्णय लिया गया। बैठक में वार्ड पार्षदों के अलावा नगर परिषद के संबंधित कर्मचारी गण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर प्रखंड के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के 138वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड के कुडलगा गांव में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, जीवन मसीह बारला, मुंतजीर खान, बदरुद्दीन खान, पुरनेंदु पासवान, रामचंद्र साहू, शंकर गोप, जुनूल बागे, टेफिल बिलुंग, फीलमन इंदवार, अनूप बागे, पीपुश डांग, विमल बागे, डेविड जोजो, प्रफुल डांग, सुखराम बागे, कुलदीप बिलुंग समेत अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने समाज कल्याण विभाग से प्राप्त स्वेटर का आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच किया वितरण

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दीवानटोली एवं कुसुम टोली आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त स्वेटर का बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता एवं जिप सदस्य विनोद भगत द्वारा आंगनबाड़ी में पढ़ाई कर रहे बच्चों के बीच वितरण कर शुरुआत की गयी। मौके पर बीडीओ द्वारा उपस्थित बच्चों को बिस्किट, चॉकलेट और टोपी भी दिये गये। बीडीओ द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया गया कि जनप्रतिनिधियों को बुलाकर उनके द्वारा वितरण करवाते हुए तीन से चार दिनों में 100 प्रतिशत वितरण करना सुनिश्चित करें।

### सी3 इंडिया ने सहियाओं के लिए किया उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** रेफरल अस्पताल बसिया में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहियाओं को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, युवा मैत्री केंद्र, बाल विवाह एवं कम उम्र में गर्भधारण के दुष्परिणाम के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गयी। बताया गया कि किशोरियों, अभिभावक एवं पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम सभा, महिला मंडल को इन सब विषयों पर जागरूक करना होगा। स्थानीय स्तर पर निगरानी एवं सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना होगा। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं युवा मैत्री केंद्र में मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। विशेषकर कम उम्र में विवाह एवं गर्भधारण के खतरे पर परामर्श एवं सेवाओं पर विस्तृत जानकारी दी और सहिया की भूमिकाओं के बारे में बताया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सी3 के वरिष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी व्योमकेश कुमार लाल, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ विजय लकड़ा, आरकेएस के बीटीटी, संगीता घोष, सहिया साथी सी3 इंडिया के क्लस्टर समन्वयक पूनम कुमारी, मनीषा श्रीवास्तव, सीमा कुमारी, जानकी कुमारी समेत 90 सहिया उपस्थित थीं।

### बोण्डो पंचायत में शिविर लगाकर पेंशन योजना से वंचित 122 लोगों से लिया गया आवेदन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रशासन आपके द्वार के तहत बुधवार को बोण्डो पंचायत में शिविर लगाकर पेंशन योजना से वंचित 122 लोगों का आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। इस दौरान प्राप्त आवेदनों का लाभुकवार सत्यापन भी किया गया। मौके पर प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, उप प्रमुख निलेश उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, बीपीआरओ संतोष भगत, पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि सहित प्रखंड व पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

### वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए 16 खिलाड़ी यूपी रवाना

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र का राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड प्रांत के अव्वल रहे प्रतिभागी बभनी उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गए। जिसमें खोखो प्रतियोगिता के लिए नौ बालिका और बालक वर्ग में सात खिलाड़ी शामिल हैं। साथ में खेल प्रमुख वनवासी कल्याण केन्द्र रायडीह, खो खो कोच हरिनारायण सिंह शामिल हुए। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र राष्ट्रीय खेल बभनी, सोनभद्र उत्तर प्रदेश में 29.12. 2022 से 2.01. 2023 तक होगा। जिसमें गुमला जिला से रायडीह के प्रतिभागी बालिका वर्ग में शिवरात्रि कुमारी, अमृता कुमारी, जयमुनी कुमारी, बिश्वमुनी कुमारी, पार्वती कुमारी और बालक वर्ग में शिवानंद सिंह, हरिओम सिंह, अजय सिंह एवं साथ में प्रशीक्षक हरिनारायण सिंह, वनवासी कल्याण केन्द्र रायडीह गुमला शामिल हैं। इस गौरवशाली मौके पर झारखंड प्रांत के सचिव बिनीत कुमार लाल ने कहा कि झारखंड प्रदेश के इतने छोटे से सुदूरवर्ती गांव रमजा से नौ बालिका और नवडीहा से सात बालक हमारे झारखंड प्रदेश का नाम रौशन करने जा रहे हैं यह बहुत ही गौरव की बात है। इसलिए मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं कि खेल में विजयी होकर आयें।

### कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर करीब एक एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आ रहा है। इस संबंध में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष नाथ शहदेव ने भरनो अंचलाधिकारी और उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है। दिए गए पत्र में उन्होंने कहा है कि भरनो प्रखंड मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूरी पर भरनो मौजा में खाता नंबर 708, प्लॉट नंबर 3592 रकबा 96 की जमीन सरकारी है। जो एनएच 23 पर अवस्थित है। जिसे भरनो के ही दीनानाथ साहू के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि दीनानाथ साहू के द्वारा उक्त भूमि पर निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने अंचलाधिकारी व उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है।

### अकील रहमान को गुमला जिला 15 सूत्री सदस्य बनाये जाने पर अंजुमन इस्लामिया ने दी बधाई

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अकील रहमान को गुमला जिला 15 सूत्री सदस्य बनाये जाने पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। घाघरा प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के द्वारा अकील रहमान को बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बधाई देने वालों में अफजल अली, मोबीन खान, चांद खान, राजन खान, अजरुल खान, खुदा बक्स, अख्तर खां, तौकीर खान, शरीफ खान, राजू खान, जावेद खान सहित कई के नाम शामिल हैं।

## पठान फिल्म का विरोध समिति ने शाहरुख का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज चौक में पठान मूवी के विरोध को लेकर एक्टर शाहरुख खान का पुतला फूंका गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा हमारे धर्म संस्कृति पर आघात पहुंचाने वाले मूवी का हमारा सनातन समाज पूर्ण रूप से बहिष्कार करें। उन डायरेक्टर एवं कलाकारों का भी बहिष्कार करें जो बार-बार हिंदू धर्म संस्कृति को आघात पहुंचाने का कार्य करता है। भगवा कपड़ों का अपमान करना अब हमे बर्दाश्त नहीं। आज बतला देना चाहता हूं अब वह दिन नहीं रहे अब कोई भी हिंदुओं के खिलाफ मूवी बनता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। मौके पर जिला संरक्षक अजय पंकज, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, गुड्डू राय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो,हेमंत वर्मा, जिला महामंत्री अजय साहू,जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव संदीप साहू, बजरंग साहू, विक्की कसेरा, प्रदीप साहू, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, राज महतो, गुड्डू साहू, दीपक साहू,,सुनील अग्रवाल, अनुज कुमार महतो, राहुल कुमार, श्रीराम सिंह,तरुण सिंह, विनोद प्रसाद, गणेश कुमार, राजाराम उरांव, टपलू वर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### बड़े ही धूमधाम से निकाली गयी आम आदमी पार्टी की परिवर्तन रैली

# जनता का हक दिलाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य : पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** आम आदमी पार्टी लातेहार इकाई के बैनर तले बुधवार को मुनेश्वर गंझू के नेतृत्व में परिवर्तन रैली बड़े ही धूमधाम से निकाली गयी। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक पीएन सिंह उप संयोजक प्रेम कुमार सचिव आबिद अली प्रवक्ता ओमकार जयसवाल उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे उपाध्यक्ष हरेंद्र चौबे उपाध्यक्ष अजय भगत उपस्थित थे। जिसके बाद यह रैली नगर पंचायत कार्यालय से होते हुए जुबली चौक कार्निवल होटल पहुंची जिसके बाद यह रैली महासभा में तब्दील हो गयी। वही सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह ने कहा कि वर्तमान मैं झारखंड की हेमंत सरकार गठबंधन की सरकार आज आम जनता के लिए परेशानी



का कारण बन गयी है। आए दिन हत्या बलात्कार भू माफियाओं का दादागिरी खुलेआम हो रहा है। आम जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाले हमारे हेमंत की सरकार ने हमारे भोले भाले भाइयों को गुमराह करने का काम किया है। ना तो सही ढंग से राशन दी जा रही है ना ही रसीद कट रहा है आज हमारे ग्रामीण जनता को प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी महीनों ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आज गांव हो या शहर हो बिजली की समस्या आज बड़ी समस्या बन गयी है। वही मेरी सरकार दिल्ली और पंजाब में बिजली बिल 300 यूनिट तक माफ करने का काम किया है साथ ही साथ लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने या किसी भी तरह की समस्या होती है तो हमारे पार्टी के लोग सोए जाकर उनकी समस्याओं को दूर करने का काम किया है साथ ही साथ उनका कागजात बनाकर उनके घर तक पहुंचाने का भी काम किया है। अब जनता जाग गयी है आने वाले चुनाव में आम पार्टी को अपना कीमती वोट देकर विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। वही प्रेम सिंह ने कहा कि लातेहार में जमीन का मिनी सर्वे नहीं होने के कारण जनता तरातरा कर रही है। जिसका नतीजा है कि आज भू माफिया दूसरे के जमीन को अपना बताकर आम गरीब के जमीन को लूटने का कार्य कर रही है। आम जनता मजबूर और विवश होकर थाना और ब्लॉक के चक्कर लगाने को विवश हो रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि लातेहार में मिनी सर्वे कराने को लेकर हमारे पार्टी ने पहले भी आवाज उठाया है। जल्द ही मिनी सर्वे नहीं होती है तो हमारी पार्टी राज भवन के सामने धरना प्रदर्शन भी करेगी। ग्रामीणों के हक दिलाने का काम करेगी। आगे भी जनता के हक को दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन में बैठना पड़े तो पीछे नहीं हटेगी। वही जिला अध्यक्ष परमेश्वर गंझू ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है की आम जनता को जगाना। हमारी पार्टी के नेक उद्देश्य को आम जनता तक पहुंचाना ही हमारा सबसे पहला कर्तव्य है ताकि आज जिस तरह से हत्या बलात्कार जमीन की कालाबाजारी किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि आज हमारी मां बहन सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। हमारी हेमंत की सरकार आराम से बैठ कर तमाशा देख रही है अब जनता जाग चुकी है आने वाले चुनाव में आम पार्टी को अपना कीमती वोट देकर विजय बनाएगी और विपक्ष को इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद

**बरवाडीह।** बरवाडीह बरकाकाना सीआईसी सेक्शन के छिपादोहर और बरवाडीह स्टेशन के बीच पुलिस ने रेलवे ट्रैक से एक युवक का शव किया बरामद।मामले की सूचना पर छिपादोहर थानेदार अभिषेक कुमार सदलबल घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुटे। मृतक की पहचान सकलदेव सिंह उर्फ टेरु पिता चुल्हन सिंह उम्र 30 वर्ष पलामू जिले के रामगढ़ थाना के हूटार जोरी कहुआ निवासी के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना अहले सुबह लगभग 6 बजे की बताई जा रही है। घटना की जानकारी पर स्थानीय पुलिस टीम तो पहुंच गयी परंतु जीआरपी की टीम 4 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची। उसके बाद शव को पुलिस टीम अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई मे जुट गयी है। और पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। मामले पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि शव बरामद की गयी है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा आखिर उसकी मौत का क्या कारण है।

## कांग्रेसियों ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड स्थित कांग्रेस कार्यालय में आज दिन बुधवार को प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस आस्थापना के शुभ अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने झंडा फहरा कर चित्र पर फूल माला माल्यार्पण कर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा किया गया। मौके पर राज किशोर सिंह ने कहा कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुआ। कांग्रेस के 137 साल भी जाने के बाद भी धर्म, भाषा संस्कृति, के आधार पर बांटने का कार्य कर रही है। देश के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हम लोग को एकता का परिचय देने की जरूरत है। हमें भेदभाव का राजनीतिक से बचकर रहने को कहा। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, बीस सूत्री विश्वनाथ पासवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मोहन ठाकुर, महासचिव गुड्डू सिंह, वीरेंद्र, पप्पू, देवनंदन यादव, पूरन सिंह, जुम्मनअंसारी, मनलाल उरांव, अरुण यादव, मिथिलेश पासवान, सागीर आलम सहित दर्जनों कांग्रेश कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त



**बरवाडीह।** नव वर्ष के आगमन से पहले जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह पुलिस टीम थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व छिपादोहर पुलिस टीम थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की मौजूदगी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व मे पुलिस लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध देशी शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक कई महुआ भट्ठियों को ध्वस्त कर चुकी है। नव वर्ष में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध देशी शराब का खेल बड़े पैमाने पर चलता है। अब तक कई सौ लीटर अवैध महुआ व जावा को नष्ट कर चूकि है। यहां पुलिस ने लगभग 200 किलोग्राम देशी शराब महुआ जावा को नष्ट किया गया हैं। अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। वहीं छिपादोहर थानांतर्गत केड में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर लगभग 40 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रहीं है।

## शराब दुकान में ली जा रही मनमानी कीमत



**महुआडांड़।** प्रखंड में संचालित सरकारी शराब दुकानों में शराब बिक्री में मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। इस संबंध में कई ग्राहको ने शिकायत करते हुए बताया कि शराब बिक्री में सभी कंपनी के क्वार्टर से लेकर फूल तक की शराब में 20 से 200 रुपये तक ग्राहकों से ज्यादा लिया जा रहा है। खरीदारों को रेट बढे की बात कह कर मनमानी वसूली की जा रही है।जबकि अभी प्रिंट रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आलम यह है कि दुकानों पर तो डेढ़ से दो गुना राशि तक ग्राहकों से वसूली की जा रही है।वही इस संबंध में शराब दुकान में रेट चार्ट भी नहीं लगाया गया है।यहां तक कि इनकी मिलीभगत दर्जनों प्राइवेट स्थलों पर अधिक दामो में शराब की बिक्री हो रही है। जिससे रोजाना शराब दुकान में रेट को लेकर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच तू-तू-मैं-मैं होते रहता है। कई लोगो ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हमलोगों से प्रिंट रेट से ज्यादा पैसा लिया जाता है, और रसीद भी नहीं दी जाती है। वहीं सरकारी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए एक ही दूकान से देशी एवं अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है।

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के अंतर्गत निबंधित व सत्यापित किये गये किसानों के भुगतान की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज बैंकों को उपलब्ध कराने का निदेश जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार उपस्थित थे।

## अवैध रूप से खनन और परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : डीएमओ



**लोहरदगा।** जिला खनन पदाधिकारी के रूप में राजाराम प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे खान निरीक्षक सम्प्रति खान निदेशालय मुख्यालय में योगदान दे रहे थे। वे प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय से विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद ऑफिस के कर्मचारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। यहां की भौगोलिक स्थिति से रूबरू हुए। जिले के विभिन्न बालू घाट, पत्थर खदान, बॉक्साइट माइंस व स्टॉक यार्ड समेत खनन से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले में अवैध खनन को रोकना प्राथमिकता बताई। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि पदाधिकारी के तौर उनकी प्राथमिकता अवैध खनन पर रोक लगाते हुए विभाग के राजस्व में बढ़ोत्तरी करना है। सरकार के निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन किया जायेगा। जिले में बालू की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कराने के लिए पहल किया जायेगा। जो भी अवैध रूप से बालू खनन व परिवहन करते पकड़े जाएंगे उनपर खनन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई किया जायेगा। कहा कि कोई भी व्यक्ति बगैर अनुज्ञप्ति के चिप्स बालू का भंडारण व खरीद बिक्री करता है तो उनपर कार्रवाई किया जायेगा।

## कांग्रेस ने मनाया 138वां स्थापना दिवस, गरीबों के बीच बांटे कंबल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस समारोह जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में आयोजित की गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी का झंडा जिला अध्यक्ष के द्वारा फहराया गया। तत्पश्चात महापुरुषों के चित्रों में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर शहर के वृद्ध महिला पुरुष एवम गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल वितरित किये गये। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि कांग्रेस कमिटी का छवि गौरव पूर्ण इतिहास रहा है। ताकि समाज



में आपसी समन्वय स्थापित हो सके। कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष साबिर खान, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, मोहन दुबे, विधायक प्रतिनिधि निशित जयसवाल, समूल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, विनोद सिंह खेरवार, संदीप कुमार आदि ने संबोधित किए। मौके पर शाहिद अहमद बेलु, विशाल डुंगडुंग, कुणाल अभिषेक, विनय उरांव, असलम अंसारी, अमृता भगत, प्रभात भगत, प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, जुगल भगत, युनुस अंसारी, सत्यदेव भगत, पूर्व अध्यक्ष सदरूल अंसारी, रविंद्र सिंह, सीमा भगत, सरिता देवी, हाशिब अंसारी, रशीद अंसारी, रामकुमार साहू, आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया जोबांग थाना का निरीक्षण

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना का पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा निरीक्षण कर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों के प्रति गंभीरता दिखाते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसपी आर रामकुमार ने थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार से क्षेत्र की स्थिति वस्तु का बारीकी से जानकारी प्राप्त कर लंबित मामले के निष्पादन में गति लाने का निर्देश दिया। इधर एसपी के द्वारा जोबांग थाना का निरीक्षण के उपरांत थाना भवन की स्थिति-वस्तु और थाना परिसर में साफ-सफाई का मुआयना किया गया एवं थाना परिसर की साफ-सफाई से काफी संतुष्ट हुए। मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार व अन्य सभी पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए हाल जाना एवं बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों की प्रशंसा किया। साथ ही एसपी ने थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को उनके द्वारा किये गये प्रशंसनीय कार्य को लेकर पुरस्कृत किये।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत



**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बालुमाथ व बारियातू मुख्य पथ एनएच 22 पर पुकचू ग्राम के समीप मंगलवार की शाम लगभग 6:00 बजे एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने पिछे से पुक्रु ग्राम के करमाही टोला निवासी सकिन्द्र यादव लगभग 55 वर्ष पिता स्व. शिवन यादव को धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा घायल अवस्था में सकिन्द्र यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. सुरेश राम द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।रांची लेजाने क्रम मे रास्ता मे ही मौत हो गयी। जिसे घायल अवस्था में बालुमाथ सीएचसी ले जाया गया जहां स्तिथि को गम्भीर देखतें हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था रांची लेजाने के क्रम बिजुपाडा के समीप मौत हो गयी। हुई अचानक मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गया।

## महामंत्री विंदेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ झारखंडियों को ठग रही है



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड भाजपा मंडल 28 दिसंबर को सढ़ाबे डुमरटोली स्थित लैंपस गोदाम में भाजपा के द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र में धरना प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री विंदेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ झारखंडियों को ठग रहा है। किसानों को बार बार परेशान करने में तुली हुई है। बीते बरसात में बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल नहीं हुई है। और यह सरकार किसानों को कभी फसल राहत तो कभी सुखाड़ के नाम पर प्रज्ञा केन्द्र का चक्कर कटवा रहा है। वही कैरो मंडल प्रभारी सह जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार तीन वर्ष पूरा कर लिया। वर्ष 2022 को नियुक्ति वर्ष घोषित किया था परंतु एक भी नियुक्ति नहीं करा पाया सरकार में किसान लैम्पस में धान देते थे। अभी धान का न्यूनतम दर लगभग 25 रुपये होनी चाहिए थी। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति प्रदेश महामंत्री विंदेश्वर उरांव, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, जिला कार्यसमिति सदस्य विसेश्वर प्रसाद दीन, मंडल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, सुखन उरांव, गोविंद महतो, लाखों उरांव, संजय महली, मोहन साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद महतो इत्यादि काफी संख्या में भाजपाई सामिल थे।

## ट्रेन में बेहोशी की हालत में मिला युवक जांच में पुलिस जुटी

**बरवाडीह।** बरवाडीह स्टेशन के यार्ड में खड़ी डेहरी बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन में बेहोशी की हालत में मिला युवक मामले की जांच पड़ताल में जुटी आरपीएफ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यार्ड मे 2 बजकर 20 मिनट से खडी डेहरी बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन की बोगी की जब जांच की जा रही थी तब एक बेहोशी की हालत में पड़ा युवक को देखा गया जिसके बाद कर्मी के द्वारा इसकी जानकारी आरपीएफ पुलिस टीम को दी गयी। पुलिस टीम त्वरित कारवाई करते हुए इसकी सूचना रेलवे अस्पताल को दी जिसके बाद रेल चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया ।उधर युवक की पहचान संत कलारेट स्कूल के शिक्षक नीरज मिकी खाखा उम्र 31 वर्ष कुसुम टोली खूंटी के रूप में हुई। इस संबंध में रेल सब इंसपेक्टर आलोक आनंद ने कहा कि यार्ड मे चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति अचेतावस्था मे पड़ा हुआ है। जिसके पूरी टीम के साथ पहुंच जांच पड़ताल की फिर उसकी पहचान की गयी और परिजनों को सौप दिया गया।

### कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस चंदवा में मनाया गया

## देश की आजादी के लिए कांग्रेसियों ने दी है कुर्बानी : असगर खान

मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा।** चंदवा कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस सुभाष चौंक स्थित भारती काम्प्लेक्स में प्रखंड के अध्यक्ष असगर खान के नेतृत्व में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। वही पार्टी के संस्थापक एओ ह्युम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने ध्वजारोहण किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि पार्टी के संघर्ष पूर्ण इतिहास रहा है, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और गठित कांग्रेस सरकारों द्वारा किए लोकहित



और राष्ट्र के निर्णयों पर बड़ा योगदान रहा है, कांग्रेस के 139 वर्ष का गौरवपूर्ण इतिहास है, कांग्रेस ने देश की आजादी और आजादी के बाद देश के नव निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है, कांग्रेस पार्टी जब भी देश की सत्ता में आई तो देश के विकास के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथ ही प्राणों की कुबार्नी भी दी है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामयश पाठक ने कहा कि आजादी के लिए कांग्रेसियों ने दशकों तक जेल में कैद काटी, कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी, इसके बाद पार्टी के पदाधिकारियों ने समय-समय पर राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुतियां तक दी हैं, आगे भी इस तरह संविधान को बचाने और सेक्युलर प्रयासों को जारी रखा जायेगा।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**बारियातु।** कांग्रेसीयों ने प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार की अध्यक्षता में पार्टी के 138वां स्थान दिवस के अवसर पर 20 गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम के झापाटांड टोला में अध्यक्ष कुमार, पुर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अवध किशोर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष मो मुमताज, युवा कांग्रेस नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, मुंशी लाल पाल,उपेन्द्र सिंह व राजबीर लोहरा ने संयुक्त रूप से रह रहे बीस गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्म संप्रदाय को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मौके पर बासुदेव उरांव, लालदेव उरांव, सोभा प्रजापति, फोकली देवी, जिपया देवी, बसंत प्रजापति, रामकिशुन उरांव, बालेश्वर मिस्त्री, छठनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।


### डीडीसी ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की

# लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन करें : डीडीसी

**मनरेगा मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा जिला परिषद सभागार में की गयी। बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की गयी। जिसमें प्रखंडों का औसत



राज्य के औसत से कम पाया गया। सभी को निदेश दिया प्रखण्डों का औसत राज्य के बराबर करते हुए आवास निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाय। चार हजार लाभुकों द्वारा तीन नोटिसों के बावजूद आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के संबंध में लाभुकों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, सिंचाई कूप निर्माण, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत चेंजिंग रूम और टॉयलेट निर्माण का भी निदेश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी को पोटो हो खेल विकास योजना के अंतर्गत खेल मैदान को ग्राम स्वराज पोर्टल में दर्ज करने का निदेश दिया गया। पशुधन विकास योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप शेड निर्माण का कार्य पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। मनरेगा मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किये जाने और पुरानी योजनाओं का पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी नारायण राम, सभी बीडीओ, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक केके गुप्ता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक व अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर भाजपाइयों ने किया सम्मानित

**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड निवासी उत्तम कुमार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर,भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार,महामंत्री मनदीप कुमार,राजेश कुमार शर्मा,राजू प्रसाद,समेत अन्य के द्वारा उत्तम कुमार को शॉल एवं फूल माला पहना कर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक ने उत्तम कुमार को डायरी देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना किए।मौके पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्यार्थी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी का दायित्व मिलना मनिका प्रखंड के लिए गौरव की बात है।

## पोस्ते की खेती को नष्ट किया



**बारियातु।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बुधवार को बारियातु थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी व सीआरपीएफ 11 के डिप्टी कमांडेंट विशांत कुमार के संयुक्त नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत बालुभांग के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चला कर नदी किनारे भुमि पर लगे लगभग ग्यारह एकड़ में पोस्ते की लहलहाते खेती को नष्ट किया। इस संबंध जानकारी देते हुए अभियान में शामिल डिप्टी कमांडेंट कुमार और थाना प्रभारी चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्ते की लहलहाते खेती की गुप्त सूचना मिली थी इसके आधार पर बुधवार को विनष्टी करण के लिए थाना स्तरीय एक टीम गठित कर बालुभांग ग्राम के जंगली क्षेत्रों में नदी के किनारे अवैध रूप से ग्यारह एकड़ भूमि पर लहलहाते पोस्ते की खेती को सशस्त्र पुलिस बल के जवानों व ट्रेक्टर के सहयोग से नष्ट किया गया। वहीं कहा कि पुर्व से ही लगातार पुलिस प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधि व जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार जागरूकता अभियान भी चला कर लोगों को खेती करने से मना किया गया था। फिर भी कुछ लोग अवैध पोस्ते की खेती करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अगर लोग अबभी खेती करने से बाज नहीं आयेगें तो जमीदार, खेती हार एवं मददगार को बख्शा नहीं जायेगा।

